वर्ष : 33 ▸ अंक : 315 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**16 विधेयकों को पेश करने की योजना**

**हंगामे के आसार**

**विपक्ष उठा सकता है महाकुंभ भगदड़ का मुद्दा**

# आज से बजट सत्र का आगाज

एजेंसी । नई दिल्ली

**संसद का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है, लेकिन इसकी शुरुआत हंगामेदार हो सकती है। विपक्षी दल प्रयागराज में महाकुंभ मेले में हुई भगदड़, जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, को लेकर सरकार पर निशाना साधने की तैयारी में हैं। वहीं संसद सत्र से पहले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने सरकार पर संसदीय समितियों का राजनीतिकरण करने और अपने बहुमत का इस्तेमाल कर जबरन अपना एजेंडा लागू करने का आरोप लगाया।**

### 1 31 जनवरी से बजट सत्र की शुरुआत

शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा और राज्यसभा में अलग-अलग आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। वहीं शनिवार एक फरवरी को वित्तमंत्री लगातार आठवीं बार केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

### 2 विपक्ष के सरकार पर आरोप

गुरुवार को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने महाकुंभ मेले में अव्यवस्था और वीआईपी संस्कृति पर आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता की अनदेखी कर केवल वीआईपी लोगों को विशेष सुविधाएं दे रही है। कांग्रेस के लोकसभा उपनेता गौरव गोगोई ने कहा कि विपक्ष ने संसद की कार्यवाही में पक्षपातपूर्ण रवैये पर चिंता जताई है। कुछ विपक्षी नेताओं ने यह भी सवाल उठाया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के लिए दिन तय करने की घोषणा व्यवसाय सलाहकार समिति की बैठक से पहले ही क्यों कर दी गई।

### 3 सर्वदलीय बैठक में कौन-कौन शामिल?

कांग्रेस नेता जयराम रमेश, के सुरेश, गौरव गोगोई और प्रमोद तिवारी, तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन, आरएसपी नेता एनके प्रेमचंद्रन, बीजेडी नेता सस्मित पात्रा, डीएमके नेता टीआर बालू, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, जेएमएम नेता महुआ माजी और एनसीपी-एसपी नेता फौजिया खान समेत अन्य नेता शामिल हुए।

### 4 सरकार ने विपक्ष के आरोपों पर दिया जवाब

वहीं तमाम विपक्षी दलों की तरफ से लगाए गए आरोपों पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि व्यवसाय सलाहकार समिति ही तय करेगी कि कौन-कौन से मुद्दे चर्चा के लिए लिए जाएंगे। उन्होंने सभी दलों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि हम एक रचनात्मक और प्रभावी बजट सत्र की उम्मीद करते हैं।

### बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा विपक्ष : प्रमोद तिवारी

राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) संसद के बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा।

### वित्त मंत्री आज पेश करेंगी आर्थिक स्थिति का रिपोर्ट कार्ड

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश करेंगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन की निगरानी में आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा तैयार सर्वेक्षण रिपोर्ट के जरिए जहां चालू वित्तीय वर्ष का लेखा-जोखा पेश होगा तो वहीं सरकार भविष्य की अपनी योजनाओं एवं प्राथमिकताओं के बारे में भी जानकारी दे सकती है। यह एक तरह से रिपोर्ट कार्ड होगा, जिसके जरिए सरकार देश की वित्तीय स्थिति से लेकर रोजगार, महंगाई, योजनागत खर्च और आर्थिक विकास से जुड़े आंकड़ों को भी पेश कर सकती है।

### 5 बजट सत्र का पूरा कार्यक्रम

बजट सत्र का पहला भाग 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा, जिसके बाद बजट प्रस्तावों की समीक्षा के लिए अवकाश होगा। वहीं बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा।

## कांग्रेस ने सरकार को घेरा

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस ने संसद के बजट सत्र के दौरान सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण जारी करने से ठीक पहले देश की आर्थिक स्थिति को लेकर सरकार को घेरा है। पार्टी ने अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति 2025 पर एक रिपोर्ट भी जारी की है। करीब सौ पेज की इस रिपोर्ट में पार्टी ने सरकार के आर्थिक प्रबंधन की आलोचना की है। दावा किया है कि देश में बढ़ती महंगाई, स्थिर मजदूरी, नौकरियों की कमी और व्यापक आय असमानता के कारण अर्थव्यवस्था सुस्त है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### महाराष्ट्र के बाद अब पश्चिम बंगाल में फैला गुलियन बैरी सिंड्रोम

**पुणे/परगना।** देश में गुलियन बैरी सिंड्रोम के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है और हर दिन एक नए मामले सामने आ रहे हैं। दरअसल, गुलियन बैरी सिंड्रोम से देश में तीसरी मौत हो गई है। इससे पहले महाराष्ट्र के पुणे में गुलियन बैरी सिंड्रोम से एक मौत हुई थी। ऐसे अब पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है कि राज्य में अब तक दो मरीजों की मौत हो चुकी हैं। एक तो 10 वर्षीय बच्चे को कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था और रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी उत्तर 24 परगना जिले के 12वीं कक्षा के छात्र की कोलकाता के एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मौत हो हुई।

### घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर में LoC के पास पुंछ में 2 आतंकी मारे गए। जम्मू के सिक्योरिटी स्पोक्सपर्सन ने बताया कि अभी भी दोनों ओर से फायरिंग जारी है। घटना देर शाम की है। पुंछ जिले के खारी करमारा इलाके में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास 2 आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षाबलों की कार्रवाई में दोनों मारे गए।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव- क्रॉस वोटिंग में बीजेपी की हरप्रीत जीतीं

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम में BJP की हरप्रीत बबला नई मेयर बन गई हैं। उन्होंने क्रॉस वोटिंग के बाद 2 वोटों से चुनाव जीता। भाजपा उम्मीदवार को 19 वोट मिले। वहीं, आम आदमी पार्टी (AAP) और कांग्रेस गठबंधन की उम्मीदवार प्रेम लता को 17 वोट मिले।

### मनोज जरांगे ने खत्म की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल



**मुंबई/जालना।** जालना मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने गुरुवार को पांच दिनों के विरोध प्रदर्शन के बाद अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर दिया। उन्होंने दावा किया कि सरकारी प्रतिनिधियों ने उन्हें आश्वासन दिया है कि उनकी कई मांगें मान ली जाएंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो मराठा समुदाय के सदस्य मुंबई तक मार्च करेंगे।

## आप-कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे-बट्टे : फडणवीस

धीरज सिंह । मुंबई



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर कड़ा प्रहार करते हुए उनकी तुलना मुगलों से की। उन्होंने कहा कि जिस तरह मुगलों ने दिल्ली को लूटने का काम किया था, उसी तरह अरविंद केजरीवाल ने पिछले 10 साल के शासन में राष्ट्रीय राजधानी को लूटने का काम किया है, लेकिन अब दिल्ली से केजरीवाल की विदाई का समय आ गया है।

### दिल्ली में कर रहे हैं चुनाव प्रचार

मुख्यमंत्री फडणवीस बुधवार से विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली में हैं। चुनाव प्रचार के दूसरे दिन फडणवीस ने मुस्तफाबाद, गोकुलपुरी और बाबरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने मुगलों की तरह ही दिल्ली को लूटने का काम किया है। आप नेताओं ने शराब, स्कूल, पैनिक बटन, जल बोर्ड, शीशमहल समेत कई घोटाले कर अपना घर भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मिटाने का वादा कर सत्ता में आने वाले केजरीवाल ने दिल्ली को छलने का काम किया है।

## मुंबईवासियों के घर का सपना होगा साकार

- उपमुख्यमंत्री शिंदे ने किया वादा

अमित बृज । मुंबई

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को कहा कि सामूहिक पुनर्विकास योजना के माध्यम से मुंबईवासियों के घर का सपना साकार होगा। बहुत से मुंबई वासी मुंबई शहर से बाहर चले गए हैं, जिन्हें वापस मुंबई लाने का प्रयास किया जा रहा है।



### 'पुनर्विकास न करने वाले डेवलपरों को हटाया जाएगा'

आवास परियोजनाओं की गुरुवार को समीक्षा बैठक के बाद शिंदे ने पत्रकारों को बताया कि इमारतों को पुनर्विकास न करने वाले डेवलपरों को हटाया जाएगा। आम नागरिकों को किफायती और बड़ा घर देने के लिए यदि आवश्यक हुआ तो नियमों और कानूनों में भी बदलाव किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से चर्चा कर मंत्रिमंडल के समक्ष निर्णय लाए जाएंगे। लंबित पुनर्विकास परियोजनाओं को सामूहिक पुनर्विकास योजना के माध्यम से गति दी जाएगी। ठाणे में भी इस तरह की योजना शुरू की गई है और इसके कार्यान्वयन में आने वाली सभी बाधाओं को दूर किया जाएगा।

### सामूहिक पुनर्विकास योजना के माध्यम से विकास

शिंदे ने कहा कि एसआरए, म्हाडा, एमआईडीसी, एमएमआरडीए, सिडको और बीएमसी एजेंसियों के समन्वय से सामूहिक पुनर्विकास योजना लागू की जाएगी। इस योजना के तहत प्राथमिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिनमें उद्यान, स्वास्थ्य सुविधाएं, खुले मैदान आदि शामिल होंगे। इसके अलावा सरकार जल्द ही एक नई आवास नीति लेकर आ रही है। म्हाडा के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, कामकाजी महिलाओं और मिल मजदूरों के लिए घरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही किफायती घर और किफायती किराये के मकान भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

## मुंडे पर सियासी धमाचौकड़ी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

राज्य सरकार में खाद्य, नागरिक एवं आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे की मुश्किलें कम होती हुई दिखाई नहीं दे रही हैं। बीड के मस्साजोग सरपंच हत्याकांड को लेकर विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के विधायक भी धनंजय मुंडे को घेरने में लगे हुए हैं। महाविकास आघाडी के नेता मुंडे के इस्तीफे की लगातार मांग कर रहे हैं। इस बीच राकांपा (शरद) सांसद सुप्रिया सुले ने धनंजय मुंडे पर इस्तीफे का दबाव बढ़ाते हुए कहा है कि अगर मैं उनकी जगह होती तो इस्तीफा दे देती। वहीं उपमुख्यमंत्री एवं राकांपा (अजित) प्रमुख अजित पवार ने अपने मंत्री धनंजय मुंडे पर लगे आरोपों पर कहा है कि मुंडे पर जो आरोप लगे हैं, अगर उनमें सच्चाई होगी तो जरूर कार्रवाई की जाएगी।

### अगर मैं मुंडे की जगह होती तो इस्तीफा दे देती : सुप्रिया सुले



### धनंजय मुंडे से मिलना कोई चोरी नहीं : सीएम

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए दिल्ली के दौरे पर हैं। राज्य के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे भी सरकारी काम से दिल्ली दौरे पर हैं। तो क्या देवेंद्र फडणवीस ने दिल्ली में धनंजय मुंडे से मुलाकात की? पत्रकारों ने यह सवाल पूछा। इस पर फडणवीस ने अपनी स्थिति साफ की। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सबसे पहले एक बात याद रखिए।

### सीएम और डीसीएम कर रहे हैं टालमटोल : दमानिया

धनंजय मुंडे के इस्तीफे को लेकर हमलावर सामाजिक कार्यकर्ता अंजली दमानिया ने कहा है कि मैं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार को मुंडे के खिलाफ इतने सबूत दे चुकी हूं, लेकिन अब दोनों ही नेता मुंडे पर कार्रवाई करने में टालमटोल कर रहे हैं। दमानिया ने कहा कि अजित आरोपियों पर मकोका लगाने की बात कर रहे हैं, तो मेरा सवाल है कि मुंडे पर वे मकोका कब लगाएंगे? हालांकि मुंडे साफ कर चुके हैं कि अगर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मुझे इस्तीफा देने के लिए कहते हैं तो मैं तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा।

## 'जब वोटिंग में बुर्का पर बैन नहीं, तो परीक्षा में क्यों'

- बुर्का मामले में बीजेपी और शिंदे सेना में ठनी रार

मुनीब चौरसिया । मुंबई



महाराष्ट्र की सरकार में शामिल दो दलों (भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना) के बीच धीरे-धीरे दूरियां बढ़ने लगी हैं। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के इलाके ठाणे में भाजपा जहां अपना जनाधार बढ़ाने की जुगत में लगी है और भाजपा नेता गणेश नाइक जनता दरबार लगाने को आतुर दिख रहे हैं, वहीं अब बुर्का विवाद में दोनों सहयोगी दल उलझते दिख रहे हैं।

### शिंदे सेना ने किया नितेश राणे के बयान का विरोध

भाजपा कोटे से देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्री नितेश राणे ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में बुर्का पहनने पर बैन लगाने के लिए राज्य के शिक्षा मंत्री दादा भुसे को खत लिखा है लेकिन शिंदे सेना के नेता ने इसका विरोध किया है। शिवसेना के नेता राजू वाघमारे ने कहा है कि जब वोटिंग के दौरान बुर्का पर बैन नहीं है तो परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर बुर्का पहनने से क्या दिक्कत होगी?

### महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष भी बयान के खिलाफ

दूसरी तरफ, महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने भी नितेश राणे के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस तरह के बयानों से सरकार की छवि खराब होती है। उन्होंने राणे से कहा कि इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना बयानों से बचना चाहिए। नागपुर के व्यवसायी और हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के अध्यक्ष प्यारे खान को पिछले साल एकनाथ शिंदे ने पांच साल के कार्यकाल के लिए महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था। उधर, सपा नेता अबू आजमी ने भी नितेश राणे के बयान की आलोचना की है।

## मालेगांव विस्फोट मामला

### कोर्ट में पेश हुईं प्रज्ञा ठाकुर, जमानती वारंट रद्द

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



मुंबई की एक विशेष अदालत ने वर्ष 2008 में मालेगांव बम विस्फोट मामले में आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के पेश होने पर उनके खिलाफ जारी जमानती वारंट बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष अदालत ने नवंबर 2024 में ठाकुर के खिलाफ वारंट जारी किया था क्योंकि वह कई बार अदालत के समक्ष पेश नहीं हुईं थीं। अदालत वर्तमान में मुकदमे के अंतिम चरण में है और उसने सभी आरोपियों को रोजाना सुनवाई में उपस्थित होने का आदेश दिया था। ठाकुर बृहस्पतिवार को अदालत में पेश हुईं और अपने वकील के माध्यम से जमानती वारंट रद्द करने का अनुरोध करते हुए एक अर्जी दायर की।

## एडहॉक जजों की नियुक्ति का रास्ता साफ

- सभी हाईकोर्ट नियुक्त कर सकेंगे एड-हॉक जज
- मुकदमों के बोझ को खत्म करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी

एजेंसी । नई दिल्ली

देशभर के उच्च न्यायालयों में मुकदमों के बोझ को कम करने के लिए अस्थाई जजों (एड-हॉक जज) की नियुक्ति की राह को आसान कर दिया। अब उच्च न्यायालयों में 20 फीसदी से कम रिक्तियां होने के बाद भी अस्थाई जजों की नियुक्ति की जा सकेगी। शीर्ष अदालत ने अप्रैल 2021 में पारित अपने फैसले के उस शर्त को स्थगित कर



दिया, जिसमें कहा गया था कि संविधान के अनुच्छेद 224ए के तहत अस्थाई जजों की नियुक्ति तभी की जा सकती है, संबंधित उच्च न्यायालय में रिक्तियां जजों की स्वीकृत कुल संख्या का 20 फीसदी से अधिक हो। अनुच्छेद 224ए के अनुसार, उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जजों को उच्च न्यायालय में स्थाई जजों के रूप में नियुक्त करने का प्रावधान है।

### कुछ आंकड़े

- इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लगभग 63,000 आपराधिक अपीलें लंबित।
- झारखंड उच्च न्यायालय 13,099 आपराधिक अपीलें लंबित हैं
- कर्नाटक उच्च न्यायालय 20,000
- पटना उच्च न्यायालय 21,000
- पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय 21,000
- राजस्थान उच्च न्यायालय 8,000

### उच्च न्यायालयों में 62 लाख से अधिक मामले लंबित

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई और सूर्यकांत की पीठ ने देशभर के उच्च न्यायालयों में लंबित मामले, खासकर आपराधिक अपीलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति को आसान बनाने के लिए यह फैसला पारित किया है। पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि देश के सभी उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। पीठ ने कहा है कि सभी उच्च न्यायालयों में 62 लाख से अधिक मामले लंबित हैं और इनमें से 18 लाख से अधिक आपराधिक मामले और 44 लाख सिविल मामले हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि इन मुकदमों के बोझ को कम करने और लोगों को समय पर न्याय देने के लिए 'हम 28 अप्रैल 2021 के फैसले में लगाई गई शर्तों को निलंबित कर रहे हैं।

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# जन्म प्रमाणपत्र घोटाले में दो तहसीलदार सस्पेंड

**भाजपा नेता किरीट सोमैया ने लगाए गंभीर आरोप**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/मालेगांव

देश के विभिन्न हिस्सों में अवैध बांग्लादेशियों एवं रोहिंग्याओं के विरुद्ध चल रहे अभियानों के बीच महाराष्ट्र के मालेगांव में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने वाले एक तहसीलदार एवं एक नायब तहसीलदार को निलंबित कर दिया गया है। भाजपा नेता किरीट सोमैया का दावा है कि कई और जिलों में ऐसे फर्जी प्रमाणपत्र बनाने का रैकेट चल रहा है और एक संगठित गिरोह ऐसे प्रमाणपत्र बनवाकर अवैध बांग्लादेशियों एवं रोहिंग्याओं को बसाने का अभियान चला रहा है।




### एसआईटी करेगी मामले की जांच

महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भी पुष्टि की है कि एसआईटी पहले जारी किए गए प्रमाणपत्रों और लंबित आवेदनों की जांच करेगी। बावनकुले ने कहा है कि किरीट सोमैया द्वारा जन्म प्रमाणपत्र घोटाले के आरोपों के बाद यह जांच शुरू की गई है। उनके अनुसार अकेले अकोला शहर में, जनवरी 2021 और दिसंबर 2023 के बीच, मजिस्ट्रेट अदालतों ने 269 विलंबित जन्म पंजीकरण आदेश जारी किए, जबकि तहसीलदार ने 4,849 को मंजूरी दी। यवतमाल में विलंबित जन्म प्रमाणपत्र के लिए 11,864 आवेदन, अकोला में 15,845 और नागपुर में 4,350 आवेदन प्राप्त हुई हैं। किरीट सोमैया दावा है कि लोकसभा चुनाव के बाद से विशेषकर मराठवाड़ा एवं विदर्भ के कुछ क्षेत्रों में ऐसे विलंबित जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के संगठित प्रयास चल रहे हैं। इनमें एक विशेष संप्रदाय के आवेदनों की बहुलता देखी जा रही है।

### 2023 में बदले थे नियम

किरीट सोमैया का कहना है कि 1969 में केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियम के अनुसार भारत में कहीं भी किसी का जन्म या मृत्यु होने पर स्थानीय ग्राम पंचायत या शहरों में नगरपालिका में उसे पंजीकरण कराने का प्रावधान किया गया था। यह पंजीकरण एक माह के अंदर करवाना पड़ता है। एक माह में न हो पाने पर वैध कारण प्रस्तुत कर एक साल तक पंजीकरण हो सकता है। एक साल की अवधि बीत जाने पर पंजीकरण के लिए मैजिस्ट्रेट कोर्ट में आवेदन करना पड़ता था। लेकिन नवंबर 2023 में विलंबित जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन के नियमों में बदलाव हुआ। नए नियमों के तहत अब जिलाधिकारी या दंडाधिकारी के कार्यालय में ही आवेदन किया जा सकता है।

### सोमैया ने निलंबन आदेश की प्रतियां एक्स हैंडल पर साझा कीं

भाजपा नेता किरीट सोमैया ने दोनों तहसीलदारों के निलंबन आदेश की प्रतियां अपने एक्स हैंडल पर साझा कीं। इन दोनों की पहचान तहसीलदार नितिन कुमार देवरे और नायब तहसीलदार संदीप धारणकर के रूप में की गई है। देवरे और धारणकर दोनों को अगले आदेश तक ड्यूटी में लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। निलंबन पत्र में यह भी कहा गया है कि दोनों ने मामले को उस गंभीरता से नहीं लिया, जिस गंभीरता से इसे लिया जाना चाहिए था।

### नए जन्म प्रमाणपत्र जारी करने पर रोक

किरीट सोमैया के अनुसार पिछले करीब एक वर्ष में एक वर्ष से अधिक समय के बाद वाले जन्म प्रमाणपत्र बनाने के 2,14,000 आवेदन महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1,23,000 प्रमाणपत्र बनाकर दिए जा चुके हैं, और 79,000 की मंजूरी दी जा चुकी है। मालेगांव का जन्म प्रमाण पत्र घोटाला सामने आने के बाद सरकार ने अभी नए जन्म प्रमाणपत्र जारी करने पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने अब तक जारी किए गए जन्म प्रमाणपत्रों की जांच के लिए एक एसआईटी का भी गठन कर दिया है।

# मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग पर सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज**

डीबीडी संवाददाता | वसई

मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग पर वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक 48 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। इस मामले में वालीव पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक आतीकुर रहमान मलीक मनिहार (48), निवासी जय नगर, वसई पूर्व था। घटना मंगलवार रात लगभग 9:45 बजे चिंचोटी के पास घटी, जब एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए आतीकुर रहमान की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनके सिर, छाती और दोनों हाथों में गंभीर चोटें आईं, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### पुलिस जांच जारी, महामार्ग पर बढ़ती दुर्घटनाएं चिंता का विषय




सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कलम 106(1), 125(ए), 125(बी) और अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है, और पुलिस आगे की जांच में जुटी है। गौरतलब है कि मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें कई लोग अपनी जान गंवा देते हैं, जबकि कई गंभीर रूप से घायल होकर आजीवन अपाहिज बन जाते हैं। बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए यातायात नियमों के सख्त पालन और सुरक्षा उपायों की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बांद्रा वर्ली सी लिंक दुर्घटना मामले में उच्च न्यायालय ने अरोपी को दी जमानत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



बम्बई उच्च न्यायालय ने 2023 में बांद्रा वर्ली सी लिंक पर अपनी कार से कई अन्य वाहनों को टक्कर मारने के आरोपी व्यक्ति को जमानत दे दी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि घटना में उसकी ओर से कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा नहीं था और उसे जमानत दे दी। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने 28 जनवरी को इस बात को भी ध्यान में रखा कि चालक मोहम्मद सरफराज मोहम्मद यूसुफ शेख (42) को दुर्घटना में गंभीर चोटें आईं और वह वर्तमान में मानसिक बीमारी से पीड़ित है। उच्च न्यायालय ने कहा, ''प्रथमदृष्टया, अभियोजन पक्ष के अनुसार भी, आवेदक (शेख) की ओर से कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा नहीं था।'' उच्च न्यायालय ने 20 हजार रुपये का एक मुचलका जमा कराने पर जमानत दी। अदालत ने साथ ही उसे पांच साल के लिए अपना ड्राइविंग लाइसेंस जमा कराने का भी निर्देश दिया।

### शिवसेना नेता के अपहरण का मामला: भाई के संलिप्त होने का आरोप

डीबीडी संवाददाता | पालघर



पालघर जिले के दहानु से एक शिवसेना नेता के अपहरण के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शिवसेना नेता अशोक धोडी 20 जनवरी को घोलवाड़ से लापता हो गए थे। पुलिस में उनके परिजनों द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। पालघर के पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने बताया, ''मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और दहानु अदालत ने उन्हें सात दिन की हिरासत में भेज दिया है।'' इस बीच, धोडी की पत्नी और बेटे ने संवाददाताओं को बताया कि अपहरण कथित तौर पर उनके (धोडी के) भाई द्वारा किया गया। धोडी के भाई को कुछ दिन पहले पुलिस ने हिरासत में लिया था, लेकिन वह भाग गया और तब से उसका पता नहीं चल पाया है। धोडी की पत्नी ने संवाददाताओं से कहा, ''पुलिस इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है। दोनों भाइयों के बीच अक्सर झगड़ा होता था और मेरे पति को नियमित रूप से धमकाया जाता था। यहां तक कि उन्हें कार दुर्घटना में मारने की कोशिश भी की गई थी। उनका भाई शराब माफिया का हिस्सा है। उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। मेरे पिता ने शराब से जुड़ी अवैध गतिविधियों के बारे में कई बार शिकायत की थी। मुख्य आरोपी के खिलाफ गुजरात में मामले दर्ज हैं।''

# जीबीएस मामलों में वृद्धि पर केडीएमसी सतर्क

**नागरिकों को सावधानी बरतने की दी सलाह**

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

पुणे महानगरपालिका क्षेत्र और उसके आसपास Guillain Barre Syndrome (जीबीएस) के रोगियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) ने नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है। चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपा शुक्ल ने नागरिकों को सलाह दी है कि यदि उन्हें जीबीएस के लक्षण दिखाई दें, तो वे घबराएं नहीं और तुरंत नजदीकी अस्पताल या डॉक्टर से संपर्क करें।




### दुर्लभ ऑटोइम्यून रोग है जीबीएस

जीबीएस एक दुर्लभ ऑटोइम्यून रोग है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली परिधीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है। इस रोग का निश्चित कारण अभी तक ज्ञात नहीं है, लेकिन कई मामलों में यह पिछले छह हफ्तों में होने वाले संक्रमणों के कारण उत्पन्न होता है। आमतौर पर, Campylobacter jejuni, इन्फ्लूएंजा वायरस, साइटोमेगालोवायरस, एपस्टीन-बार वायरस, और ज़ीका वायरस जैसे संक्रमण GBS के विकास में योगदान कर सकते हैं।

### सभी जिलों में दिशा निर्देश जारी

राज्य सरकार ने GBS के मामलों के सुचारू प्रबंधन के लिए सभी जिलों में दिशा निर्देश जारी किए हैं। सभी संबंधित विभागों जैसे स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सा महाविद्यालय के प्रतिनिधि, जल आपूर्ति और खाद्य विभाग, पशुपालन विभाग, प्रमुख अस्पताल के विशेषज्ञ, और मनोविज्ञान विभाग के प्रतिनिधियों को आपातकालीन स्थिति को समझते हुए एक-दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करके कार्य करने की आवश्यकता है। GBS के उपचार के लिए सरकारी योजनाएं जैसे PMJAY, MPJAY और CM राहत कोष का उचित उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा, MIPIAY के अंतर्गत GBS के लिए पैकेज भी उपलब्ध हैं। डॉ. दीपा शुक्ल ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के लक्षणों के प्रति सजग रहें और समय पर चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। यह समय की मांग है कि हम सभी मिलकर इस स्थिति का सामना करें और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

# महाकुंभ में 30 लाख विदेशी यात्रियों के आने की उम्मीद

**केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने बताया सटीक आंकड़ा**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में 30 लाख विदेशी यात्रियों के आने की उम्मीद है। दुनिया का सबसे बड़ा यह धार्मिक उत्सव 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। शेखावत ने गुरुवार को मुंबई में शुरू हुए तीन दिवसीय 'आउटबाउंड ट्रैवल मार्ट' में कहा कि शुरू में हमने अनुमान लगाया था कि साल 2025 के महाकुंभ मेले में लगभग 15 लाख विदेशी आगंतुक आएंगे। इसमें प्रवासी भारतीय (एनआरआई) शामिल नहीं हैं। हालांकि प्रतिक्रिया और आमद को देखते हुए हमने अपने पहले के अनुमान को दोगुना करके 30 लाख विदेशी यात्रियों का अनुमान लगाया है।



### पर्यटन मंत्री ने क्या कहा?

इसके अलावा पर्यटन मंत्री ने कहा कि विदेशी पर्यटकों में देश के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने ई-वीजा सुविधाएं शुरू की हैं और यात्रा सुगमता के लिए पिछले 10 वर्षों में देश में बुनियादी ढांचे का विकास किया है। इसके अलावा 'चलो इंडिया' पहल के माध्यम से प्रवासी भारतीयों से दुनिया भर में अपने गैर-भारतीय मित्रों को भारत दिखाने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई स्थान, गांव और आदिवासी क्षेत्र हैं जो अपने आप में अनूठे हैं और देश की संस्कृति की गहराई को दर्शाते हैं।

### आदिवासी क्षेत्रों में 1,000 से अधिक 'होम स्टे'

उन्होंने कहा कि इसे बढ़ावा देने के लिए हमने आदिवासी क्षेत्रों में 1,000 से अधिक 'होम स्टे' (पर्यटकों के लिए घर जैसा स्थान) उपलब्ध कराने पर काम करना शुरू कर दिया है, जो न केवल ग्रामीणों के लिए आय का एक और स्रोत बन जाएगा, बल्कि कुछ अलग तलाश रहे पर्यटकों को भी एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगा।

### 'अतुल्य भारत' वेबसाइट को नए सिरे से किया तैयार

उन्होंने कहा कि इससे 'जेन जेड' (1997 और 2010 के बीच पैदा हुए लोग) को कुछ अलग अनुभव करने का अवसर मिलेगा, क्योंकि वे आमतौर पर पारंपरिक पर्यटन या ज्ञात स्थलों को पसंद नहीं करते हैं। मंत्री ने कहा कि पर्यटन मंत्रालय ने नए गंतव्यों की पेशकश करने और देश और दुनिया भर के लोगों को देश की विविधता की ताकत दिखाने के लिए 'अतुल्य भारत' वेबसाइट को नए सिरे से तैयार किया है।

# ट्रांसफार्मर से कॉपर कॉइल चोरी करने वाले चोर गिरफ्तार, तीन अब भी फरार

**पुलिस ने किया चोरी का पर्दाफाश**

**5 लाख रुपये की बाइक और कार जब्त**

सुरेश चौहान | अंबरनाथ

अंबरनाथ और बदलापुर में ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर कॉइल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए उल्हासनगर क्राइम पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य अभी भी फरार हैं।

### शिकायत के बाद पुलिस ने की कार्रवाई



28 जनवरी 2025 को बदलापुर पूर्व पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक 54/2025 बीएनएस कलम 303(2) के तहत विद्युत विभाग द्वारा चोरी की शिकायत दर्ज करवाई गई थी। जांच के दौरान पुलिस सिपाही भावेकर को गुप्त सूचना मिली कि इस चोरी में बड़काऊ उर्फ राजू नसरुद्दीन शेख (38) और सागर राजेश गुप्ता (25) शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 5 लाख रुपये मूल्य की टाटा एल्ट्रोज़ कार (MH 43 BY 4038, ग्रे रंग) जब्त की गई, जिसका उपयोग चोरी में किया गया था।

### पुलिस टीम की सराहनीय कार्रवाई

इस कार्रवाई को वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोळी, उप-निरीक्षक प्रवीण खोचरे, सचिन कुंभार, सिपाही शेखर भावेकर, विजय जिरे और सतीश सपकाळे ने अंजाम दिया। पुलिस अब फरार आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

# मई में खुलेगा नवी मुंबई एयरपोर्ट

**अक्तूबर से हर दिन उड़ेगी 150 फ्लाइट**

**2029 तक बंद रहेगा मुंबई का टी-1 टर्मिनल**

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई के लोगों के लिए खुशखबरी है। मई महीने में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (NMIA) से फ्लाइट सर्विस शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी के मिली जानकारी के मुताबिक नए एयरपोरट का उद्घाटन 17 अप्रैल को होगा। शुरुआत में सिर्फ टी-1 टर्मिनल और एक रनवे से काम शुरू होगा। धीरे-धीरे बाकी सुविधाएं भी शुरू होंगी।



### कमर्शियल फ्लाइट कब से शुरू होगा?

नया एयरपोर्ट महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के उलवे में बनाया गया है। यहां के कमर्शियल फ्लाइट मई के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है, लेकिन उड़ानों की संख्या अक्टूबर के अंत से काफी बढ़ जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि एयरलाइन्स को अपना विंटर शेड्यूल (अक्टूबर से मार्च 2025 तक) इसी हिसाब से प्लान करने के लिए कहा गया है।

### मुंबई का नया एयरपोर्ट

मुंबई: मुंबई के लोगों के लिए खुशखबरी है। मई महीने में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (NMIA) से फ्लाइट सर्विस शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी के मिली जानकारी के मुताबिक नए एयरपोरट का उद्घाटन 17 अप्रैल को होगा। शुरुआत में सिर्फ टी-1 टर्मिनल और एक रनवे से काम शुरू होगा। धीरे-धीरे बाकी सुविधाएं भी शुरू होंगी। पिछले 70 साल में मुंबई की आबादी 10 गुनी से ज्यादा हो गई मगर एयरपोर्ट एक ही रहा। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद मुंबई एयरपोर्ट के T1 और T2 से चलने वाली कुछ फ्लाइट नए एयरपोर्ट पर शिफ्ट हो जाएगी।

### 20-30 लाख पैसेंजरों के आने-जाने की उम्मीद

शुरुआती महीनों में, नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 20-30 लाख पैसेंजरों के आने-जाने की उम्मीद है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने राज्य सरकार को एक प्रस्ताव दिया है,जिसमें एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) पर वैल्यू एडेड टैक्स (VAT) को 18 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत करने का अनुरोध किया गया है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल ही एयरोप्लेन में इस्तेमाल होने वाला ईंधन होता है।

# मराठी साहित्य सम्मेलन में हर संभव सहयोग देगी महाराष्ट्र सरकार

**सीएम फडणवीस ने साहित्य सम्मेलन कार्यालय का किया उद्घाटन**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में 21 फरवरी से शुरू होने वाले 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन को राज्य सरकार हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराएगी। उन्होंने गुरूवार को कहा कि नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि 21 से 23 फरवरी 2025 तक दिल्ली में आयोजित होने वाला साहित्य सम्मेलन सफल होगा। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित महाराष्ट्र सदन में 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल भी मौजूद रहे।

### भव्य होगा दिल्ली में होने वाला साहित्य सम्मेलन




इस अवसर पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि दिल्ली में होने वाला यह साहित्य सम्मेलन निश्चित रूप से भव्य होगा। यह सम्मेलन न केवल देश के लिए, बल्कि दुनिया भर के मराठी लोगों के लिए भी गौरव का स्रोत होगा। साहित्य सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न एजेंसियां समन्वय से काम कर रही हैं। यह सम्मेलन विशेष महत्व का है क्योंकि यह महाराष्ट्र राज्य के गठन और मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने के बाद दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले साहित्य सम्मेलन को लेकर मराठी लेखकों में काफी उत्साह है और उन्होंने इस साहित्य सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया है।

**चार बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार**

# तीन दिनों में पकड़े गए 22 बांग्लादेशी

धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

ठाणे जिले के मनोर पाड़ा में स्थित एक घर में छापा मारकर पुलिस ने चार बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में इन बांग्लादेशी नागरिकों को घर किराये पर देने वाले मकानमालिकों की तलाश कर रही है। पुलिस पिछले तीन दिनों में मुंबई और पालघर से 22 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर चुकी है। इन सबकी गहन छानबीन जारी है।

### घाटकोपर से 9 बांग्लादेशी गिरफ्तार



इसी तरह घाटकोपर पुलिस ने 29 जनवरी को घाटकोपर इलाके से नौ बांग्लादेशी नागरिकों गिरफ्तार किया है। इन बांग्लादेशियों में तीन बच्चे भी है। पुलिस ने उनके कब्जे से फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं और मामला दर्ज किया है। इसी तरह पुलिस पालघर जिले में नौ बांग्लादेशी नागरिकों को धानीव बाग के गंगड़ी पाड़ा इलाके में से मंगलवार को गिरफ्तार किया था। इनमें सात महिलाएं शामिल हैं। विरार के पुलिस उपायुक्त जयंत बाजबले ने 30 जनवरी को मीडिया को बताया कि 27 से 45 वर्ष की आयु के ये बांग्लादेशी बिना वैध यात्रा या पहचान दस्तावेज के रह रहे थे। पकड़े गए बांग्लादेशी बांग्लादेश में अपने रिश्तेदारों से संपर्क में रहने के लिए मोबाइल ऐप का इस्तेमाल कर रहे थे। पेल्हर पुलिस स्टेशन की टीम ने इन बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ विदेशी नागरिक अधिनियम, भारतीय पासपोर्ट अधिनियम और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### मकान किराए पर देने वाले की तलाश जारी

पुलिस ठाणे पुलिस के एक अधिकारी ने 30 जनवरी को बताया कि मनोर पाड़ा के चाल में बांग्लादेशी महिलाओं के रहने की सूचना मिली थी। इस पर 30 जनवरी की सुबह पुलिस ने मनोर पाड़ा में छापा मारकर चार बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया। इसके बाद चारों को मनोर पुलिस स्टेशन में लाकर छानबीन की गई और इसके बाद पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस इन चारों को मकान किराए पर देने वालों की तलाश कर रही है।

# इस्तीफे के दबाव के बीच बढ़ी मुंडे की मुश्किलें

**सुरेश धस ने लगाए फर्जी बिल के जरिए धन निकासी के आरोप**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के बीड में जबरन वसूली के चलते हुई सरपंच संतोष देशमुख की हत्या को लेकर जिले का पारा गरम है। इस मामले में धनंजय मुंडे पर लगातार मंत्री पद से इस्तीफा देने का दबाव है।

इस बीच, भाजपा विधायक सुरेश धस ने उन पर 73.36 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाकर उनकी मुश्किलें और अधिक बढ़ा दी है। गुरुवार को सुरेश धस ने कहा कि शिंदे सरकार में बीड जिले के संरक्षक मंत्री थे तब उनकी निगरानी में 73.36 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की गई और फर्जी बिलों के जरिए धन निकासी की गई।

### पवार के निर्देशानुसार लिखित शिकायत करुंगा: सुरेश धस



धस का दावा है कि जिला परिषद और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंताओं द्वारा नियमित अंतराल पर 30 दिसंबर 2021 से 31 मार्च 2022 के बीच फर्जी बिलों के जरिए धनराशि निकाली गई।

धस ने बीड में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने जिला योजना और विकास परिषद की बैठक में वर्तमान संरक्षक मंत्री अजित पवार के सामने यह मामला उठाया।

उन्होंने कहा कि अजित पवार ने मुझसे एक लिखित शिकायत जमा करने के लिए कहा। मैंने उनके निजी सहायक को बुधवार को ही धनराशि निकालने के संबंध में दस्तावेज उपलब्ध करा दिए हैं।

अब, मैं पवार के निर्देशानुसार लिखित शिकायत जमा करूंगा। धस ने दावा किया कि उनके द्वारा फर्जी बिलों का मुद्दा उठाने के बाद बीड में कम से कम 500 लोग कोमा में चले गए हैं। विधायक का आरोप है कि फर्जी बिल के जरिए 73.36 करोड़ रुपये निकाले गए, जबकि 37.70 करोड़ रुपये बिना कोई काम किए निकाले गए।

### सरपंच की हत्या मामले में अजित पवार ने दिखाए सख्त तेवर

वहीं, बृहस्पतिवार को उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रंगदारी के बढ़ते मामले में कार्यकर्ताओं को सख्त हिदायत दी है कि वे जबरन वसूली के मामले से दूर रहें। अजित पवार की यह टिप्पणी मंत्री धनंजय मुंडे को अप्रत्यक्ष चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

### जिला नियोजन समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे थे अजित

उपमुख्यमंत्री अजित पवार बीड जिले के संरक्षक मंत्री बनने के बाद पहली बार जिला नियोजन समिति की बैठक में भाग लेने पहुंचे थे। इस दौरान वे एनसीपी कार्यकर्ताओं से भी मिले। उपमुख्यमंत्री ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप बर्दास्त नहीं किया जाएगा। अगर, कोई जबरन वसूली में लिप्त पाया जाता है या इस तरह की किसी गतिविधियों शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिसमें मकोका के तहत कठोर सजा भी शामिल है।

### क्या है मामला ?

अजित पवार का यह बयान मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के संदर्भ में है जिसमें मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार देशमुख की हत्या एक पवन चक्की कंपनी से जबरन वसूली को लेकर हुई थी। इस मामले में एनसीपी के पूर्व स्थानीय नेता विष्णु चाटे सहित 7 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। चाटे पर पवनचक्की कंपनी से 2 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप है जिसका संतोष देशमुख ने विरोध किया था।

# मुंबई शहर के लिए 690 करोड़ के प्रारूप योजना को मंजूरी

**उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का 'जीरो प्रिस्क्रिप्शन' नीति का तत्काल कार्यान्वयन करने का निर्देश**



**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई उपनगर जिले की नियोजन समिति की बैठक में 'जीरो प्रिस्क्रिप्शन' निर्णय का तुरंत कार्यान्वयन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बैठक में मुंबई शहर के लिए 690 करोड़ रुपये के प्रारूप योजना को भी मंजूरी दी गई।

### किफायती आवास और योजना कार्यान्वयन

उपमुख्यमंत्री शिंदे ने विश्व व्यापार केंद्र (वर्ल्ड ट्रेड सेंटर) में आयोजित इस बैठक के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर देते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को दवाएं बाहर से खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए अस्पतालों में दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। 'जीरो प्रिस्क्रिप्शन' नीति का तत्काल कार्यान्वयन करने का निर्देश दिया गया, ताकि अस्पतालों में इलाज और दवाओं का खर्च कम किया जा सके। शिंदे ने किफायती आवास परियोजनाओं के बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन के लिए कदम उठाए जाने की बात की, जिसमें महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, डब्बावालों, मिल मजदूरों और पुलिसकर्मियों के लिए विशेष प्रावधान किए जाएंगे। उन्होंने म्हाडा से एक नई आवास नीति लाने का निर्देश दिया। शिंदे ने मुंबई की सड़कों और फुटपाथों को सुव्यवस्थित और नागरिकों के सुरक्षित आवागमन के लिए खाली रखने का निर्देश दिया।

# महायुति में चल रही सत्ता के लिये खींचतान : पटोले

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में सियासी बयानबाजी जोरों पर है। राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने इस बीच सत्तारूढ़ महायुति पर करारा वार किया है। उन्होंने गुरुवार को दावा किया कि जब से भाजपा के नेतृत्व वाला महायुति गठबंधन सत्ता में आया है, महायुति सहयोगियों के बीच सत्ता के लिए खींचतान हो रही है। उन्होंने सरकार पर अराजक होने के भी आरोप लगाए। नाना पटोले ने कहा कि सरकार अराजक तरीकों से काम कर रही है।

### 'महाराष्ट्र उथल-पुथल की स्थिति में'



नाना पटोले ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि इस समय महाराष्ट्र उथल-पुथल की स्थिति में है। देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से नहीं संभाल पा रहे हैं। नाना पटोले ने कहा कि राज्य में अराजकता जोरों पर है। सीएम फडणवीस अपनी जिम्मेदारियों को ठीक से संभालने में विफल हो रहे हैं। फडणवीस को सीएम पद के साथ न्याय करना चाहिए।

### लाड़की बहिन योजना का जिक्र कर लगाए आरोप

इस दौरान उन्होंने लाड़की बहिन योजना का जिक्र करते हुए सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि लड़की बहिन योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है, लेकिन सरकार अपनी 'लाड़की बहिनों' (प्यारी बहनों) की दुर्दशा के प्रति उदासीन है। राज्य में बेरोजगारी चरम पर है। 'लाड़की बहिनों' के पति, जो किसान हैं, रोजाना आत्महत्या कर रहे हैं। सरकार ने सोयाबीन के लिए 6,000 रुपये प्रति क्विंटल की कीमत का वादा किया था, लेकिन किसानों को 3,000 रुपये भी नहीं मिल रहे हैं। धान, प्याज और कपास की स्थिति भी ऐसी ही है।

### बीड़ सरपंच हत्याकांड का भी किया जिक्र

आगे उन्होंने बीड़ सरपंच हत्याकांड का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार में 65 प्रतिशत मंत्री दागी पृष्ठभूमि वाले हैं। देश में महाराष्ट्र की साख रोज खराब हो रही है। नाना पटोले ने कहा कि बीड जिले में भ्रष्टाचार के मामले एक के बाद एक सामने आ रहे हैं।

# 'राजनीतिक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेंगे'

## अजित पवार ने बीड में पार्टी कार्यकर्ताओं को चेताया

**मुंबई/बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले में जबरन वसूली मामले में हुई सरपंच देशमुख की हत्या ने राज्यभर की राजनीति को गर्म कर रखा है। इसी बीच महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को बीड जिला का दौरा किया। जहां एनसीपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे विकास परियोजनाओं में जबरन वसूली के प्रयासों में शामिल न हों और हमेशा स्वच्छ चरित्र बनाए रखें। बता दें कि अजित पवार के ये बयान भी सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले के संदर्भ में आया, जिसमें एनसीपी के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को गिरफ्तार किया गया था।

### जबरन वसूली करने की अनुमति नहीं



पवार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रशासन में किसी भी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी को भी विकास कार्यों में जबरन वसूली करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर उन्हें इस तरह की गतिविधियों के बारे में पता चलता है, तो वे कड़ी कार्रवाई करेंगे, जिसमें मकोका के तहत कठोर सजा भी शामिल होगी।

### हथियार लहराने वालों को भी चेताया

उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यदि कोई सार्वजनिक जगह पर हथियार लहराता हुआ पाया गया तो उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बदलाव लाने के लिए कानून सबके लिए समान होना चाहिए। साथ ही बीड जिले के विकास के बारे में पवार ने कहा कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले मामलों पर निर्णय लेंगे और मुख्यमंत्री के साथ मिलकर उन मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जिन पर उनका अधिकार नहीं है। पवार ने बताया कि वे जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों से सलाह भी लेंगे।

कलाकारों को धमकी मामला

# सीबीआई की मदद से आरोपी पर शिकंजा कसने की तैयारी

**राजपाल यादव सहित कई कलाकारों को आया था धमकी का ईमेल**

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव, कपिल शर्मा, सुगंधा मिश्रा और रेमो डिसूजा को भेजे गए धमकी भरे ईमेल मामले की जांच सामने आया है कि कलाकारों को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से धमकी भरा ईमेल भेजा गया था। सूत्रों के अनुसार, चारो कलाकारों को भेजे गए ईमेल में बाबा सिद्दीकी और सिद्धू मूसेवाला की फोटो भी जोड़ी गई थी। पुलिस को शक है कि यह फोटो कलाकारों को डराने के इरादे से भेजी गई है। ईमेल करने वाले ने खुद को बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया था। इन खुलासों के सामने आने के बाद मुंबई पुलिस ने सीबीआई से संपर्क किया है और उससे मदद करने का अनुरोध किया है। सदाशिव निकम, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, अंबोली पुलिस स्टेशन के मुताबिक इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।मुंबई पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई ने इस मामले की जानकारी इंटरपोल से साझा की है। हमसीबीआई की मदद से आरोपी तक पहुंचने की कोशिश में जुटे हैं।

### ईमेल भेजने अलग-अलग सिस्टम का उपयोग



पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी ने ईमेल भेजने के लिए मोबाइल और कंप्यूटर दोनों का इस्तेमाल किया है। जो पकिस्तान के पंजाब प्रांत की अलग-अलग जगहों से भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार, राजपाल को पंजाब के फैसलाबाद से ईमेल भेजा गया है। पुलिस ने इस मामले में राजपाल का बयान भी दर्ज कर लिया है।

# अब बिना वीजा भी रूस जा सकेंगे भारतीय

**विदेश मंत्रालय से चल रही बात**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

अगर आप कई लोगों के साथ समूह में रूस की यात्रा पर जा रहे हैं, तो इस बात की पूरी संभावना है कि आने वाले समय में आपके समूह को बिना वीजा के यात्रा करने की अनुमति मिल जाए। मॉस्को सिटी टूरिज्म कमेटी के चेयरमैन एव्जेनी कोजलोव ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कोजलोव ने कहा, 'जब पर्यटकों का कोई समूह एक साथ रूस की यात्रा कर रहा है, तब बिना वीजा के यात्रा के लिए दस्तावेज में उन सभी की संख्या लिखनी होगी। समूह 10 से 20 लोगों का हो सकता है।

### टूरिस्ट ग्रुप को मिलेगी सुविधा




रूसी सरकार, भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ समूह में शामिल सदस्यों की संख्या पर सहमति जताने के लिए चर्चा कर रही है ताकि भारत से जाने वाले पर्यटकों के समूह को वीजा-मुक्त यात्रा मिल जाए। कोजलोव ने आगे कहा, 'भारत हमारे लिए प्राथमिकता वाला बाजार है। हमारे लिए देशों में चीन पहले पायदान पर आता है और भारत दूसरे। पर्यटन के दौरान भारतीय अच्छा खर्च करते हैं और आंकड़े बताते हैं कि एक व्यक्ति प्रति यात्रा में करीब पौने दो लाख रुपये (2,000 अमेरिकी डॉलर) खर्च करता है। मॉस्को व्यापार, विवाह, परिवार और सिनेमा पर्यटन पर ध्यान दे रहा है।' उन्होंने बताया, 'हम सिनेमा के जरिये भारतीयों को मॉस्को के लिए आकर्षित करना चाहते हैं। कमेटी फिल्म प्रोडक्शन हाउसेज से चर्चा कर मॉस्को आकर शूट करने के लिए आमंत्रित कर रही है।

### मॉस्को में विदेशी पर्यटक ज्यादा

बता दें कि मॉस्को में विदेशी पर्यटक लगातार बढ़ रहे हैं। जनवरी और सितंबर 2024 के बीच 19.7 मिलियन टूरिस्ट ने मॉस्को विजिट किया। इसमें से 61,000 लोग भारतीय थे। 2030 तक लगभग 6 मिलियन विदेशी टूरिस्ट के मॉस्को आने का अनुमान है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

जोबनपुत्रा कंपाउंड, नानाचौक, मुंबई-400 007.

**एसीडी/ए. ई. (एस.डब्लू.एम)/डी/3346/दिनांक-29.01.2025**

**ई.ओ.ई.**

जोबनपुत्रा कम्पाउंड, नाना चौक, मुंबई-400 007 स्थित सहायक आयुक्त, "डी" वार्ड, एस्टेट एसएमपीए कार्य के लिए डी वार्ड में एनजीओ श्रमिक उपलब्ध कराने के लिए सीलबंद कोटेशन आमंत्रित करते हैं। खाली कोटेशन फॉर्म सहायक इंजीनियर (एस.डब्लू.एम) 'डी' वार्ड के पास 31.01.2025 से 06.02.2025 तक किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे के बीच उपलब्ध होंगे। डी वार्ड में समान प्रकार के कार्य अनुभव वाले कोटेशनकर्ता को वरीयता दी जाएगी।

मोम सीलबंद कोटेशन सहायक आयुक्त 'डी' वार्ड के कार्यालय में नियत तिथि यानी 06.02.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए और उसी दिन शाम 4.00 बजे खोला जाएगा।
कोटेशन दस्तावेज डाक से नहीं भेजे जाएंगे।

हस्ता/-
सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम)
'डी' वार्ड

पीआरओ/2394 /विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**हाइड्रोलिक इंजीनियर्स विभाग**

**ई निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| टेंडर दस्तावेज़ संख्या | **2025_MCGM_1143806_1** |
| विषय | AEOC(TM) प्रभाग के अंतर्गत घाटकोपर यार्ड में डिप्टी सिक्योरिटी ज़ोन V कार्यालय और वार्ड वाटर वर्क्स चौकी का विद्युत कार्य। |
| टेंडर शुल्क और प्रोसेसिंग शुल्क | रु. 3894.00/- (रु. 3300/- + 18% जीएसटी) और रु. 500 |
| बोली सुरक्षा जमा/ईएमडी | रु. 4,900/- (ऑनलाइन भुगतान किया जाना है) |
| निविदा जारी करने और बिक्री की तिथि | 31.01.2025 11:00 बजे से |
| निविदा की बिक्री और बोली सुरक्षा जमा की प्राप्ति की अंतिम तिथि और समय | 06.02.2025 16:00 बजे तक |
| पैकेट ए, बी और पैकेट सी (ऑनलाइन) जमा करना | 06.02.2025 16:00 बजे तक |
| पैकेट ए और बी खोलना | 07.02.2025 16:05 बजे के बाद |
| विभाग का नाम | उप हाइड्रोलिक इंजीनियर (रखरखाव) |
| वेबसाइट | **mahatenders.gov.in** |
| संपर्क व्यक्ति | श्री. ए.डी.हटवार<br>सहायक अभियंता (शहर के बाहर) ट्रंक मेन |
| संपर्क नंबर | 7977608419 |
| ईमेल आईडी | ae01dyhemaint.he@mcgm.gov.in |

**यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।**
बीएमसी बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या किसी या सभी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
(हेड वर्क्स) जल कार्य

पीआरओ/2385 /विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।


# अल्पसंख्यकों को मिलेगी पीएम की सुरक्षा

## बीजेपी सदस्यता अभियान पर जमाल सिद्दीकी का वादा

**मुंबई।** लोकसभा और विधान सभा चुनाव की सफलता के बाद बीजेपी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए सदस्यता अभियान शुरू किया है, जिसे देशभर में शानदार प्रतिसाद मिल रहा है। अल्पसंख्यक समाज भी इस अभियान के दौरान बीजेपी के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण दिखा रहा है। इस बीच, बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने मुंबई में एक बड़ा बयान दिया। सिद्दीकी ने कहा कि बीजेपी का सदस्य बनने वाले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताबीज यानी सुरक्षा मिलेगी।




### बीजेपी सदस्यता अभियान और अल्पसंख्यकों की भागीदारी

बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के मुंबई अध्यक्ष वसीम खान की अगुआई में इस अभियान को शुरू किया गया है। सिद्दीकी ने इस मौके पर नरीमन पॉइंट स्थित बीजेपी प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में देशभर में अब तक 44 लाख लोग बीजेपी के सदस्य बन चुके हैं, और महाराष्ट्र में 1 लाख तो मुंबई में 44 हजार लोग बीजेपी का हिस्सा बने हैं। सिद्दीकी ने वसीम खान की सराहना करते हुए कहा कि जो अल्पसंख्यक सदस्यता ले रहे हैं, उनके पास पीएम मोदी की ताबीज होगी, जो उनकी सुरक्षा की गारंटी है।


## पश्चिम रेलवे

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्री आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/07/2025 दिनांक 27.01.2025**

| क्र.सं. | आइटम का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | T.O.D. |
|---|---|---|---|
| 47 | आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग | 32 नग | 17-फरवरी-25 |
| 48 | आपातकालीन ब्रेक वाल्व के स्थानांतरण के लिए आपूर्ति और स्थापना कार्य | 212 नग | 17-फरवरी-25 |
| 49 | 6V मोनो ब्लॉक 120 AH क्षमता के VRLA सेल। | 149 सेट | 24-फरवरी-25 |
| 50 | अर्थ रिटर्न ब्रश का प्रावधान। | 1474 नग | 24-फरवरी-25 |
| 51 | LHB प्रकार के कोचों के लिए फिक्स्ड विंडो के लिए ग्लास यूनिट | 4359 नग | 24-फरवरी-25 |
| 52 | संशोधित ट्रांज़िशन स्क्रू कपलिंग | 279 नग | 25-फरवरी-25 |
| 53 | इलेक्ट्रो मैग्नेटिक कॉन्टैक्टर पूर्ण असेंबली। | 240 नग | 26-फरवरी-25 |
| 54 | 1 इन 12 और 1 इन 8.5 टर्नआउट के लिए एंटी क्रिप डिवाइस | 1000 सेट | 26-फरवरी-25 |
| 55 | डबल गर्डर ईओटी क्रेन (डीएसएल-श्रोउड टाइप) क्षमता 30T/10T | 2 सेट | 03-मार्च-25 |
| 56 | ट्राई प्लेट पैनल माउंटेड ब्रेक सिस्टम | 60 सेट | 03-मार्च-25 |
| 57 | हिताची टाइप ट्रैक्शन मोटर के लिए गियर केस असेंबली। | 480 नग | 10-मार्च-25 |

**विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और www.wr.indianrailways.gov.in पर जाएं**
1023

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

संपादकीय

# महाकुंभ की त्रासदी

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर तड़के हुए हादसे में कुछ श्रद्धालुओं की मौत की घटना निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। यूं तो अतीत में भी प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक व उज्जैन के कुंभों के दौरान भी कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं, लेकिन सवाल है कि क्या हम अतीत के हादसों से कोई सबक ले पाए हैं? यूं तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मेला प्रबंधन व सुरक्षा के चाकचौबंद बंदोबस्त के दावे किए गए थे, लेकिन मौनी अमावस्या की घटना ने यह दुखद स्थिति पैदा कर दी है। करोड़ों तीर्थयात्रियों का अचानक किसी धार्मिक आयोजन में पहुंचना निश्चित रूप से शासन व प्रशासन के लिये बड़ी चुनौती बन जाती है। लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन की प्राथमिकता दुर्घटना मुक्त आयोजन ही होना चाहिए। दरअसल, ऐसे आयोजनों में तीर्थयात्रियों की जल्दीबाजी और पहले स्नान करने की होड़ अकसर ऐसी भगदड़ पैदा कर देती है। जो बताती है कि हम सार्वजनिक जीवन में ऐसे बड़े आयोजनों में अनुशासित व्यवहार करने से चूक जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम इस बात का भी संकेत है कि कुंभ के आयोजनों में पिछले बड़े हादसों के सबक हम पूरी तरह सीख नहीं पाए हैं। हालांकि, शासन-प्रशासन को इस बात का अंदाज था कि इस बार करोड़ों की भीड़ जुटेगी, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं सावधानी में चूक तो हुई है। निस्संदेह, महाकुंभ का आयोजन भारतीय सनातन परंपरा का अटूट हिस्सा रहा है। बिना चिट्ठी व तार देश के कोने-कोने से तीर्थयात्री महाकुंभ में जुटते हैं। कल्पवास में संयमित जीवन से आध्यात्मिक लाभ अर्जित करते हैं। लेकिन बदलते वक्त के साथ यातायात के साधनों की उपलब्धता से ऐसे आयोजनों पर भीड़ का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया की सक्रियता ऐसे आयोजन के प्रति अतिरेक आकर्षण पैदा कर देती है, जिससे श्रद्धालुओं का अप्रत्याशित सैलाब कुंभ नगरी की तरफ मुड़ जाता है। निश्चित रूप से समय के साथ आये सामाजिक बदलावों के मद्देनजर शासन-प्रशासन को महाकुंभ के आयोजन में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। निश्चित रूप से महाकुंभ के आयोजन से जुड़े तंत्र को उन कारकों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जिसके चलते इस त्रासदी की छाया प्रयागराज महाकुंभ पर पड़ी। उन तमाम संभावनाओं पर विचार करने की जरूरत है जो कुंभ जैसे बड़े आयोजनों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने में सहायक हो सकती हैं। हालांकि, प्रयागराज महाकुंभ में एआई, ड्रोन व कंप्यूटरों के जरिये व्यापक सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी की जा रही है, लेकिन अभी भी अफवाहों व भगदड़ की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिये और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। तीर्थयात्रियों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि वे धैर्य के साथ अपनी स्नान की बारी का इंतजार करें। साथ ही अफवाहों व जल्दीबाजी से बचें। बताया जाता है कि प्रयागराज हादसे में भी कुछ तीर्थयात्रियों द्वारा स्नान में जल्दीबाजी करने तथा अखाड़ा मार्ग पर लगे बैरिकेड्स पर चढ़ने पर मची अफरातफरी को कारण बताया गया। लेकिन इसके बावजूद पुलिस व अधिकारियों की चूक को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निश्चित रूप से वे भीड़ के मिजाज को समय रहते भांप लिया जाता तो शायद हादसे को टाला जा सकता। हालांकि, मृतकों के परिजनों व घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की गई है। साथ ही न्यायिक जांच के भी आदेश दिए गए हैं। इसके बावजूद इस बात की गहन जांच जरूरी है कि स्थिति कैसे नियंत्रण से बाहर हो गई। यह एक निर्विवाद सत्य है कि गोपनीयता का पर्दा डालने से केवल अफवाहों व गलत सूचनाओं को ही बढ़ावा मिलता है। बहरहाल, आने वाले समय में श्रद्धालुओं को मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार करने की भी जरूरत होगी कि वे अपने आसपास के घाट पर ही स्नान करके समान पुण्य अर्जित कर सकते हैं। यह भी कि संगम के सभी घाट समान रूप से पवित्र हैं। इससे चुनिंदा घाटों पर तीर्थयात्रियों का दबाव नहीं बनेगा। साथ ही श्रद्धालुओं को अनुशासित व्यवहार के लिये प्रेरित किया जाना भी बेहद जरूरी है। ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

# अंतरिक्ष में सुनहरी कामयाबी की सौवीं उड़ान



भारत ने नए साल का शानदार आगाज करते हुए अंतरिक्ष में दो बड़े कीर्तिमान कायम कर दिए हैं। सबसे पहले इसरो ने 16 जनवरी को अंतरिक्ष में पहली बार दो यानों को सफलतापूर्वक जोड़ कर एक नया इतिहास रचा और इसके कुछ ही दिन बाद 29 जनवरी को उसने अपने ऐतिहासिक 100वें रॉकेट प्रक्षेपण के जरिए अपने दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन (नौचालन) उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया। भारत को लंबे समय से अंतरिक्ष में अपने यानों की डॉकिंग का इंतजार था। सटीक गणनाओं और अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से हासिल की गई यह उपलब्धि अंतरग्रहीय मिशनों और उन्नत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करती है। इसरो ने सीमित संसाधनों के साथ काम करने के बावजूद एक अत्यधिक परिष्कृत कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया है। डॉकिंग के लिए दो उपग्रहों के बीच सही मिलान की आवश्यकता होती है, और इसमें अविश्वसनीय रूप से जटिल गणनाएं शामिल होती हैं। यह ऐसा काम नहीं है जो हर देश कर सकता है, लेकिन भारत ने एक बार फिर पूरी दुनिया के समक्ष अपनी योग्यता साबित कर दी है। भविष्य में भारत की अंतरिक्ष में बड़ी-बड़ी महत्वाकांक्षाएं हैं। भारत अंतरिक्ष में अपना स्थायी स्टेशन स्थापित करना चाहता है। अन्य बड़े लक्ष्यों में चंद्रमा से नमूने लाना और वहां मानव भेजना शामिल है। डॉकिंग की तकनीक इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पूरे देश और इसरो के वैज्ञानिकों के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि भारत अंतरिक्ष में यान को डॉक करने वाला चौथा देश बन गया है। स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट) मिशन इसरो की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इसरो के स्पैडेक्स मिशन को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा लांच पैड से प्रक्षेपित किया गया था। उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद लगभग 220 किलोग्राम वजन वाले दो अंतरिक्ष यानों को 475 किलोमीटर की गोलाकार कक्षा में प्रक्षेपित किया गया। एक ही रॉकेट पर प्रक्षेपित किए गए दो अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष में अलग हो गए। इसरो के डॉकिंग परीक्षण के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेंगलुरु में इसरो कार्यालय में उपस्थित थे। सफल डॉकिंग के बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।' स्पैडेक्स मिशन पर भेजे गए दो छोटे अंतरिक्ष यानों को एसडीएक्स 01 या चेज़र और एसडीएक्स 02 या टारगेट कहा जाता है। लांच के बाद दोनों यान सावधानीपूर्वक चुनी गई गति से अंतरिक्ष में यात्रा कर रहे थे। उन्हें एक साथ अंतरिक्ष में भेजा गया था। लेकिन अलग होने के समय उन्हें अलग-अलग वेग पर रखा गया था ताकि वे अपने बीच 10-20 किलोमीटर की

मुकुल व्यास

दूरी बना सकें। डॉकिंग के दौरान वैज्ञानिकों ने यानों की दूरी को कम करने के उपाय किए ताकि वे आपस में मिल सकें। स्पैडेक्स के लांच होने के समय एस. सोमनाथ इसरो प्रमुख थे और कुछ दिन पहले अपनी सेवानिवृत्ति तक इसकी प्रगति की निगरानी कर रहे थे। उन्होंने डॉकिंग को 'एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया' के रूप में वर्णित किया था, जिसके लिए अत्यधिक सटीकता और समन्वय की आवश्यकता होती है। आने वाले दिनों में दोनों यानों की अनडॉकिंग (अलग होने) और उनके बीच पावर ट्रांसफर का परीक्षण किया जाएगा। चेजर यान से टारगेट यान में बिजली का हस्तांतरण एक बहुत महत्वपूर्ण प्रयोग है। इसकी सफलता से यह प्रदर्शित किया जा सकेगा कि अंतरिक्ष में तैनात अंतरिक्ष यान की आपूर्ति और सर्विस के लिए दूसरे यान को भेजा जा सकता है। यह मिशन अंतर-उपग्रह संचार के लिए भारत की क्षमताओं का भी परीक्षण करेगा क्योंकि डॉकिंग और अनडॉकिंग के दौरान अंतरिक्ष यान को पृथ्वी स्टेशन के साथ-साथ एक-दूसरे के साथ भी संवाद करना होगा ताकि वे एक-दूसरे की स्थिति और गति जान सकें। अंतरिक्ष यान में वैज्ञानिक उपकरण और कैमरे भी हैं जिन्हें बाद में तैनात किया जाएगा। अगले दो वर्षों में वे अंतरिक्ष में विकिरण को मापेंगे और पृथ्वी पर प्राकृतिक संसाधनों की निगरानी करेंगे। इसरो अपने मिशनों को किफायती बनाने के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। वह तीन महीने तक कक्षा में कुछ महत्वपूर्ण प्रयोग करने के लिए स्पेसडेक्स को अंतरिक्ष में ले जाने वाले रॉकेट के एक हिस्से का भी उपयोग कर रहा है जो सामान्य परिस्थितियों में अंतरिक्ष मलबा बन जाता है। पोएम (पीएस4-ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंट मॉड्यूल) में 24 पेलोड है और यह पहले ही दो सफल प्रयोग कर चुका है। पहले प्रयोग में उसने बीज अंकुरण का प्रदर्शन किया। इसरो ने एक वीडियो ट्वीट किया था जिसमें कहा गया था कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में अंतरिक्ष में लोबिया के अंकुरों ने अपने पहले पत्ते प्रकट कर दिए हैं। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंतरिक्ष यान में अनुभव की जाने वाली लगभग भारहीनता जैसी स्थिति है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बीजों का अंकुरण बहुत अच्छी खबर है क्योंकि इसका मतलब है कि भविष्य के अंतरिक्ष यात्री लंबी अवधि के मिशनों के दौरान भोजन का उत्पादन कर सकते हैं। दूसरे प्रयोग में रोबोटिक भुजा शामिल है। यह रॉकेट के सबसे महत्वपूर्ण पेलोड में से एक है। इसरो के एक्स अकाउंट पर एक वीडियो में रोबोटिक भुजा को अंतरिक्ष मलबे के एक टुकड़े को पकड़ने के लिए आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है। यह भुजा अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के दौरान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी क्योंकि इसका उपयोग चीजों को पकड़ने और उन्हें सही जगह पर रखने के लिए किया जा सकता है। यह रोबोटिक भुजा चंद्रयान-4 में भी काम आएगी जो भारत का अगला चंद्रमा मिशन है जिसका प्रमुख उद्देश्य चंद्रमा की मिट्टी के नमूने एकत्र करना और उन्हें वापस लाना है। डॉकिंग के बाद भारत की दूसरी बड़ी उपलब्धि इसरो की 100वीं रॉकेट उड़ान के रूप में सामने आई जब उसके शक्तिशाली जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट ने दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया। इसरो ने श्रीहरिकोटा से अपने प्रक्षेपण में जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच वीकल (जीएसएलवी) का इस्तेमाल किया। एनवीएस-02 नेविगेशन उपग्रह को ले जाने वाले जीएसएलवी-एफ15 ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 19 मिनट बाद रॉकेट ने एनवीएस-02 को 322.93 किमी की जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर कक्षा में स्थापित कर दिया। इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा कि इसरो ने छह पीढ़ी के रॉकेट प्रक्षेपित किए हैं। इन प्रक्षेपणों के माध्यम से 433 विदेशी उपग्रहों के 23 टन सहित कुल 120 टन वजन वाले 548 उपग्रह स्थापित किए गए हैं। एनवीएस-02, एनवीएस (नेविगेशनल सैटेलाइट) श्रृंखला का दूसरा उपग्रह है। यह भारत के नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन (एनएवीआईसी) का हिस्सा है। इसरो के अनुसार एनएवीआईसी भारत की स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट प्रणाली है जिसे भारत तथा भारतीय भूभाग से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे तक फैले क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं को सटीक स्थिति (पोजीशन) वेग (वैलोसिटी) तथा समय (टाइमिंग) सेवा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो इसका प्राथमिक सेवा क्षेत्र है।

जीवन मंत्र

# बच्चे चुपचाप करते हैं पैरेंट्स की इन बातों को कॉपी

आप किस तरह से बोलते हैं, व्यवहार करते हैं या फिर किस तरह से रिस्पांस करते हैं। इन बातों को वो ज्यादा तेजी से सीख जाते हैं। इसलिए बच्चे की अच्छी परवरिश करना चाहते हैं तो जान लें आपकी वो कौन सी बातें हैं जो बच्चे चुपके से सीख जाते हैं।

मां-बाप चाहे कितना भी सिखा लें लेकिन बच्चे इन बातों को पैरेंट्स से चुपके से सीख लेते हैं। बच्चों की परवरिश अच्छी तरह से करने के लिए पैरेंट्स अक्सर उन्हें काफी सारे मैनर्स और गुड हैबिट्स सिखाते हैं। लेकिन कई बार माता-पिता ये भूल जाते हैं कि बच्चे बोला हुआ नहीं बल्कि देखा हुआ ज्यादा याद करते हैं। वो आपके व्यवहार और एटीट्यूड को देखकर ज्यादा सीखते हैं। आप किस तरह से बोलते हैं, व्यवहार करते हैं या फिर किस तरह से रिस्पांस करते हैं। इन बातों को वो ज्यादा तेजी से सीख जाते हैं। इसलिए बच्चे की अच्छी परवरिश करना चाहते हैं तो जान लें आपकी वो कौन सी बातें हैं जो बच्चे चुपके से सीख जाते हैं।बच्चों की परवरिश अच्छी तरह से करने के लिए पैरेंट्स अक्सर उन्हें काफी सारे मैनर्स और गुड हैबिट्स सिखाते हैं। लेकिन कई बार माता-पिता ये भूल जाते हैं कि बच्चे बोला हुआ नहीं बल्कि देखा हुआ ज्यादा याद करते हैं। वो आपके व्यवहार और एटीट्यूड को देखकर ज्यादा सीखते हैं।



आप किस तरह से बोलते हैं, व्यवहार करते हैं या फिर किस तरह से रिस्पांस करते हैं। इन बातों को वो ज्यादा तेजी से सीख जाते हैं। इसलिए बच्चे की अच्छी परवरिश करना चाहते हैं तो जान लें आपकी वो कौन सी बातें हैं जो बच्चे चुपके से सीख जाते हैं। बच्चे अक्सर इस बात को नोटिस करते हैं कि स्ट्रेसफुल सिचुएशन में जब आप बहुत चिंता में होते हैं तो इस तरह से रिएक्ट करते हैं और इन समस्याओं को दूर करते हैं। पैरेंट्स आपस में एक दूसरे से कैसे बात करते हैं या फिर दूसरों के किस तरह से और कौन सी लैंग्वेज का इस्तेमाल कर बात करते हैं। बच्चे तेजी से ऑब्जर्व करते हैं और वैसे ही लोगों से कम्यूनिकेट करते हैं।

इसलिए अपनी लैंग्वेज और कम्यूनिकेशन स्किल को बेहतर बना लें। बच्चे अक्सर पैरेंट्स के बिहेवियर को नोटिस करते हैं कि कैसे वो छोटी-बड़ी चीजों को सेलिब्रेट करते हैं। फिर चाहे वो बर्थडे हो या फिर प्रमोशन। बच्चे अक्सर पैरेंट्स के एटीट्यूड को नोटिस करते हैं।

जीवन ऊर्जा

प्रीति जिंटा : जन्म-31 जनवरी, 1975

जन्म

# मैं नकारात्मक रिश्तों से दूर रहती हूं

प्रीति जिंटा एक एक्ट्रेस हैं जो हिंदी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उनका जन्म 31 जनवरी 1975 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में हुआ था। अंग्रेजी ऑनर्स और आपराधिक मनोविज्ञान में डिग्री के साथ स्नातक होने के बाद, जिंटा ने 1998 में दिल से.. में अभिनय की शुरुआत की, उसके बाद उसी वर्ष सोल्जर में भूमिका निभाई। इन फिल्मों में अभिनय के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार दिलाया।

क्या आप जानते हैं कि एक अभिनेत्री होने का सबसे बुरा हिस्सा क्या है? हर समय खूबसूरत दिखने और उत्तम व्यवहार करने का दबाव है। लेकिन मैं संपूर्ण नहीं हूं, कोई भी नहीं है। लोगों की हमेशा एक राय होगी, लेकिन आपको जीवन वैसे जीना होगा जैसे आप जीना चाहते हैं। दूसरों को यह बताना बहुत आसान है कि क्या करना है, लेकिन इसे स्वयं पर लागू करना कठिन है। अपने सपने को सच करने का सबसे तेज़ तरीका है जागना! अगर मैं किसी व्यक्ति के सामने अपना पागलपन, जंगली स्वभाव रख सकता हूं और वह फिर भी मुझे पसंद करता है, तो यह रोमांटिक है। एक स्क्रिप्ट की तरह, आपको एक व्यवसाय योजना अपने तक ही सीमित रखनी होगी। किसी के चेहरे को देखकर उससे प्यार करना सतही है। मेरे लिए मुझे उस व्यक्ति की खोज करने की आवश्यकता है। मैं कभी किसी की ओर देखकर नहीं कहूंगी - वह वही है! मैं नकारात्मक रिश्तों से दूर रहती हूं।

वे ऊर्जा-खपत करने वाले पिशाच हैं। मैं उन्हें संभाल नहीं सकता। मेरी यह पूरी बात है कि जब भगवान



आपको आपकी कल्पना से ज्यादा देता है, तो आपको उसे वापस लौटा देना चाहिए। जब आप कुछ ऐसा करने से दूर हो जाते हैं जो आप हमेशा से करते आ रहे हैं और फिर उस पर वापस लौटते हैं तो आपके पास एक अलग दृष्टिकोण होता है। आपमें हर चीज़ पर प्रहार करने की इच्छा और इच्छाशक्ति होती है। मैंने जो सीखा है वह यह है कि कभी भी उस व्यक्ति के साथ काम न करें, जिसके साथ आप रिश्ते में हैं, क्योंकि कभी-कभी आपको ब्रेक की आवश्यकता होती है।

कार्य करने के लिए आपको दर्द का पता होना चाहिए। तुम्हें पता होना चाहिए कि प्यार में होने का क्या मतलब है, अस्वीकार किए जाने का क्या मतलब है। अभिनय वास्तव में आपकी नसों पर भारी पड़ सकता है। मेरा मतलब है कि हमें जीवन से भी बड़ा बनना होगा।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# मूर्तिपूजा का गहरा रहस्य जिसको आपको जानना चाहिए

मूर्ति पूजा का रहस्य गहरे दार्शनिक और आध्यात्मिक अर्थों से जुड़ा हुआ है। यह विषय भारतीय परंपरा, संस्कृति और आध्यात्मिक दृष्टिकोण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मूर्ति पूजा का मुख्य उद्देश्य भक्ति ध्यान और साधना के माध्यम से ईश्वर के प्रति आस्था को मजबूत करना है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

ईश्वर को समझने और उनसे जुड़ने के लिए मूर्ति एक माध्यम है, चूंकि मानव मन निराकार सत्य को सहजता से नहीं समझ पाता। मूर्ति के माध्यम से उस निराकार सत्ता का साकार रूप प्रस्तुत किया जाता है। यह साकार रूप ध्यान और भक्ति को सुदृढ़ बनाता है।

मूर्ति को ईश्वर का प्रतिनिधि माना जाता है न कि स्वयं ईश्वर। यह साधक को स्मरण दिलाती है कि उसका ध्यान किसी भौतिक वस्तु पर नहीं बल्कि उस परम चेतना पर केंद्रित है, जिसे मूर्ति प्रतीकात्मक रूप से दर्शाती है।

**मानसिक एकाग्रता**

मूर्ति पूजा ध्यान और एकाग्रता का साधन है। जब व्यक्ति मूर्ति के सामने होता है तो वह अपनी सारी मानसिक शक्तियों



को एक बिंदु पर केंद्रित करता है जो उसे आत्मिक और मानसिक शांति प्रदान करता है।

**संग्रहित ऊर्जा का केंद्र**

मंदिरों और मूर्तियों को एक विशेष विधि से प्रतिष्ठित किया जाता है, जिससे वे ऊर्जा के केंद्र बन जाते हैं। यह ऊर्जा साधकों को आध्यात्मिक अनुभव में सहायक होती है।

**भक्ति का विकास**

मूर्ति के माध्यम से भक्ति का साकार रूप अनुभव किया जा सकता है। यह भक्ति साधक को अहंकार मोह और अन्य सांसारिक बंधनों से मुक्त करती है।

**वेदों और उपनिषदों का दृष्टिकोण**

वेद और उपनिषद बताते हैं कि ईश्वर सर्वव्यापी निराकार और अनंत है, लेकिन वही सत्य साकार रूप में मूर्ति अवतार या प्रतीकों के माध्यम से व्यक्त हो सकता है।

भगवद्गीता में भी श्रीकृष्ण कहते हैं कि निराकार उपासना कठिन है। इसलिए साकार रूप में उपासना आरंभ करना सरल है।

**मूर्तिपूजा की व्यावहारिकता**

मूर्ति भौतिक प्रतीक है, जो साधारण मनुष्यों को गहराई में जाने के लिए प्रेरित करता है
मूर्ति पूजा में आरती भजन ध्यान आदि के माध्यम से साधक अपनी भावनाओं को व्यक्त करता है जो अंततः उसे ईश्वर से जोड़ने का साधन बनता है।

**निष्कर्ष**

मूर्तिपूजा बाहरी रूप से एक साधारण प्रक्रिया लग सकती है, लेकिन इसके पीछे गहन आध्यात्मिक उद्देश्य है। यह व्यक्ति को साकार से निराकार की यात्रा में मार्गदर्शन करती है और उसकी आंतरिक चेतना को जागृत करने का माध्यम बनती है।

शख्सियत | सोमनाथ शर्मा

# परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय मेजर



सोमनाथ शर्मा का जन्म 31 जनवरी 1923 को दाध, कांगड़ा, पंजाब (वर्तमान हिमाचल प्रदेश) में एक डोगरा ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता, अमर नाथ शर्मा, एक सैन्य अधिकारी थे। उनके कई भाई-बहनों ने सेना में सेवा की। उनके छोटे भाई, विश्व नाथ शर्मा, बाद में सेना के 14वें प्रमुख बने।

सोमनाथ शर्मा, पीवीसी, एक भारतीय मेजर थे। भारत के सर्वोच्च सैन्य सम्मान, परमवीर चक्र (पीवीसी) के पहले प्राप्तकर्ता थे, जिसे उन्हें मरणोपरांत प्रदान किया गया था। शर्मा को 1942 में 19वीं हैदराबाद रेजिमेंट की 8वीं बटालियन में नियुक्त किया गया था।

उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के अराकान अभियान के दौरान बर्मा में सेवा की थी, जिसके लिए उनका उल्लेख प्रेषणों में किया गया था। बडगाम की लड़ाई के दौरान उनकी वीरता और बलिदान के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

भारतीय सेना के कर्मचारी सोमनाथ शर्मा ने देहरादून के प्रिंस ऑफ वेल्स रॉयल मिलिट्री कॉलेज में दाखिला लेने से पहले अपनी स्कूली शिक्षा शेरवुड कॉलेज, नैनीताल से पूरी की।

22 फरवरी 1942 को, रॉयल मिलिट्री कॉलेज से स्नातक होने पर, शर्मा को ब्रिटिश भारतीय सेना की 9वीं बटालियन, 19वीं34हैदराबाद रेजिमेंट में नियुक्त किया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, उन्होंने अराकान अभियान के दौरान बर्मा में जापानियों के खिलाफ कार्रवाई देखी।

उस समय उन्होंने कर्नल के.एस. थिमैया की कमान में काम किया, जो बाद में जनरल के पद तक पहुंचे और 1957 से 1961 तक सेना प्रमुख बने।

अराकान अभियान की लड़ाई के दौरान उनके कार्यों के लिए शर्मा का उल्लेख डिस्पैच में किया गया था।

इस पुरस्कार को जनवरी 1946 में राजपत्रित किया गया था। 21 जून 1950 को, सोमनाथ शर्मा को 3 नवंबर 1947 को श्रीनगर हवाई अड्डे की रक्षा में उनके कार्यों के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इसकी स्थापना के बाद पहली बार दिया गया था। संयोगवश, शर्मा के भाई की सास सावित्री खानोलकर परमवीर चक्र की डिजाइनर थीं।1947-1948 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में लड़ते हुए, सोमनाथ शर्मा 3 नवंबर 1947 को श्रीनगर हवाई अड्डे के पास पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ते समय शहीद हो गए।

अपने विचार

भाजपा ने एक 'टास्क फोर्स' तैयार किया है, जिसे यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह समाज में नफरत फैलाए। ये लोग समाज में विभिन्न जातियों और धर्मों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश करते हैं।



**-विजय वडेट्टीवार,** नेता,कांग्रेस

केजरीवाल के दिमाग में अब पैसा बैठ गया है और वह पैसे के पीछे भागने वाले लोगों के साथ हैं।



**-अन्ना हजारे,** समाजसेवी

हम लोगों की सरकार होती तो बीजेपी और जदयू के लोग कहते की घोर जंगलराज आ गया है। आज पटना जिले में अपराधी गोलियां चलाते हैं और मीडिया को इंटरव्यू देते हैं कि जरूरत पड़ी तो और चलाएंगे। **-तेजस्वी यादव**, नेता,आरजेडी



अगर राजनीति करनी है तो मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार दिल्ली की किसी भी विधानसभा से चुनाव लड़ लें।



**-अरविंद केजरीवाल,** राष्ट्रीय संयोजक ,आप पार्टी

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 indiagroundreport@gmail.com भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# प्रतीक गोस्वामी ने संभाला मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक का पदभार

## नई जिम्मेदारी का दायित्व

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

प्रतीक गोस्वामी ने 29 जनवरी 2025 को मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। वे 1990 बैच के भारतीय रेलवे भंडार सेवा के अधिकारी हैं। इस पद को संभालने से पहले, वे मध्य रेल के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्यरत थे, साथ ही कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे।

### शिक्षा और पेशेवर अनुभव



गोस्वामी ने जयपुर के मालवीय नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और मुंबई के इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। 34 वर्षों के प्रतिष्ठित करियर में उन्होंने भारतीय रेलवे और अन्य संगठनों में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया।

### रेलवे में महत्वपूर्ण योगदान और उपलब्धियां

#### सतर्कता और प्रबंधन क्षेत्र में विशेषज्ञता

गोस्वामी को सार्वजनिक खरीद, अनुबंध प्रबंधन और सामग्री वितरण में 18 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। उन्होंने इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई में कार्य करते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए आवश्यक घटकों की समय पर खरीद और डिलीवरी सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई, जिससे प्रधानमंत्री द्वारा घोषित वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के सफल संचालन में योगदान मिला।

#### अभिनव परियोजनाओं में भूमिका

पश्चिम रेलवे के भावनगर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में, उन्होंने हाई राइज ओवरहेड इक्विपमेंट पर पहली फुल डबल स्टैक कंटेनर ट्रेन को शुरू करने और सफलतापूर्वक संचालित करने में योगदान दिया, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारतीय नागरिक विद्युत निगम लिमिटेड और पश्चिम रेलवे में भी सतर्कता संगठन से जुड़े विभिन्न पदों पर कार्य किया।

#### सम्मान और प्रशिक्षण योगदान

गोस्वामी को 2017 में भारत के तत्कालीन उपराष्ट्रपति द्वारा "सतर्कता उत्कृष्टता पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। उन्होंने वडोदरा में नैशनल अकादेमी ऑफ इंडियन रेलवे में प्रोफेसर के रूप में सामग्री प्रबंधन में प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने आईआईएम-अहमदाबाद, आईएसबी-हैदराबाद, एसडीए बोकोनी-इटली, ईएमएल-फ्रांस, इनसीड-सिंगापुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से प्रबंधन, वित्त, खरीद, सतर्कता और प्रशासन में विशेषज्ञता हासिल की। नई भूमिका और भविष्य की योजनाएं मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक के रूप में प्रतीक गोस्वामी अपने विस्तृत अनुभव और विशेषज्ञता का उपयोग करके रेलवे के विकास और दक्षता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# मध्य रेल की विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे

## LOGO और जिंगल लॉन्च

## शताब्दी समारोह का भव्य शुभारंभ

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल ने अपने विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में समारोहों की शुरुआत कर दी है। इस अवसर पर मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने शताब्दी वर्ष का विशेष लोगो (LOGO) अनावरण किया और एक विशेष जिंगल लॉन्च कर समारोह की औपचारिक शुरुआत की। इस आयोजन में अपर महाप्रबंधक प्रतीक गोस्वामी, प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर रजनीश गोयल और मुंबई मंडल के मंडल रेल प्रबंधक हिरेश मीना भी उपस्थित थे।

### विद्युतीकरण की ऐतिहासिक यात्रा



भारत में विद्युत कर्षण की यात्रा 3 फरवरी 1925 को शुरू हुई थी, जब ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे (GIPR) (अब मध्य रेल) ने सीएसएमटी से कुर्ला हार्बर तक 16 किलोमीटर लंबी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन (EMU) चलाई थी। यह 1500V DC सिस्टम पर चलने वाली 4 कोच की EMU ट्रेन थी, जिसने भारतीय रेलवे को भाप इंजन से इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की ओर अग्रसर किया। 1928 तक, GIPR ने हार्बर लाइन पर 4 कोच EMU और मेन लाइन पर 8 कोच EMU का संचालन शुरू कर दिया था। उसी वर्ष, पहली पीढ़ी के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव (C-C डिज़ाइन, 1500V DC) भी भारत में पेश किए गए थे, जिनका उद्घाटन सर लेस्ली विल्सन ने किया था।

### सस्टेनेबिलिटी और हरित ऊर्जा की दिशा में रेलवे का कदम

आज, भारतीय रेलवे का विद्युतीकरण सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) एजेंडा का अहम हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता और कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। भविष्य में, रेलवे सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाकर हरित और कुशल ऊर्जा प्रणालियों की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा।

घर खरीदने वालों के लिए सुनहरा मौका

# ठाणे प्रॉपर्टी एक्सपो-2025 का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

क्रेडाई-एमसीएचआई ठाणे की ओर से इस साल 7 से 10 फरवरी तक हाईलैंड गार्डन मैदान में ठाणे प्रॉपर्टी एक्सपो-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह 22वीं प्रदर्शनी होगी, जहां ग्राहकों को ठाणे शहर और जिले के सर्वश्रेष्ठ हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में घर खरीदने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

### महिलाओं के लिए विशेष योजना




क्रेडाई-एमसीएचआई ठाणे के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने बताया कि घर की कीमत का 20% भुगतान करने पर महिलाओं को विशेष छूट दी जाएगी। इस प्रदर्शनी में निःशुल्क प्रवेश, निःशुल्क पार्किंग और रेलवे स्टेशन से निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध होगी।

#### एक ही छत के नीचे बेहतरीन विकल्प

यह प्रदर्शनी प्रसिद्ध डेवलपर्स, अग्रणी वित्तीय संस्थानों और रियल एस्टेट विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर ग्राहकों व निवेशकों को इनोवेटिव और बेहतरीन घर खरीदने का अवसर प्रदान करेगी। जो नागरिक अपने सपनों का घर खरीदना चाहते हैं, उन्हें इस प्रदर्शनी में जरूर शामिल होना चाहिए।

# शिळफाटा मार्ग पर 5 से 10 फरवरी तक यातायात रहेगा बंद

## निळजे रेलवे उड़ान पुल का हो रहा है पुनर्निर्माण

**सुशील सिंह | कल्याण**

फरवरी के पहले सप्ताह में, अत्यंत व्यस्त शिळफाटा मार्ग पर यातायात को प्रभावित करने वाली एक महत्वपूर्ण सूचना सामने आई है। तेज़ गति रेलवे मालवाहन विभाग (डीएफसीसी) द्वारा निळजे रेलवे उड़ान पुल के पुनर्निर्माण का कार्य 5 फरवरी की रात 12 बजे से 10 फरवरी की रात 12 बजे तक किया जाएगा। इस अवधि में, पलावा जंक्शन की ओर आने वाले सभी प्रकार के यातायात को बंद रखा जाएगा। यातायात विभाग के पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने बताया कि इस कार्य के कारण शिळफाटा मार्ग पर निरंतर वाहन गर्दी में यह कार्य करना संभव नहीं होगा। इसलिए, सभी हल्के, भारी और अवजड वाहनों का आवागमन इस अवधि में बंद रहेगा।




### यातायात विभाग का अनुरोध:

पंकज शिरसाट ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे इस अवधि में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और यातायात के इस व्यवधान में सहयोग करें। इस कार्य के पूर्ण होने के बाद, शिळफाटा मार्ग पर यातायात जाम की समस्या को हल करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। यातायात विभाग ने इस संदर्भ में अधिसूचना शुक्रवार को प्रकाशित करने की बात कही है।

### ये हैं वैकल्पिक मार्ग

इस दौरान, डोंबिवली और कल्याण क्षेत्र के यात्रियों को बड़ेगांव माणकोली उड़ान पुल से अपनी यात्रा करनी चाहिए। शिळफाटा मार्ग से नवी मुंबई और पनवेल की ओर जाने वाले यात्रियों को काटई नाका पर बाएं मुड़कर बदलापुर पाइपलाइन मार्ग से तळोजा मार्ग का उपयोग करना होगा। बदलापुर, अंबरनाथ, कर्जत से आने वाले वाहन चालकों को काटई नाका पर न जाकर खोणी गांव पर मुड़कर तळोजा कंक्रीट मार्ग से पनवेल, नवी मुंबई की ओर जाना चाहिए। हल्के और मध्यम वाहनों को काटई गांव, काटई गांव कमान से लोढा पलावा की दिशा में विपरीत मार्ग से जाना होगा। वहां से पलावा जंक्शन पर नियमित मार्ग पर आकर इच्छित स्थान पर पहुंच सकते हैं।

# स्वच्छता प्रतियोगिताओं में विजेताओं की हुई घोषणा

## मनपा आयुक्त के हाथों विजेताओं का सम्मान

**डीबीडी संवाददाता | विरार**

स्वच्छ भारत अभियान 2.0 और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के तहत वसई विरार शहर महानगरपालिका द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की गई। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन स्वच्छ महाराष्ट्र अभियान और स्वच्छ वसई विरार अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के उद्देश्य से किया गया था। इसमें स्वच्छता चैंपियन लघु फिल्म, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, स्वच्छ अभिनव प्रौद्योगिकी जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। छात्रों और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अभियान का मुख्य नारा था "मैं स्वच्छ अभियान में भाग लूंगा, मैं अपने शहर को स्वच्छ रखूंगा।"

### वसई में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न




इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए वसई के वर्तक कॉलेज के रजनी सभागृह में मंगलवार को एक समारोह आयोजित किया गया। इसमें मनपा आयुक्त अनिल कुमार पवार ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाड़े, उपायुक्त नानासाहेब कामठे, सहायक आयुक्त सुकदेव दरवेशी, शिवसेना नेता विनायक निकम, भाजपा नेता शेखर धुरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वच्छ प्रौद्योगिकी और अपशिष्ट प्रबंधन पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही हीरा आर्ट अकादमी द्वारा 'नवास' नामक एकांकी नाटक प्रस्तुत किया गया, जबकि वसई के दिंडी वारी और कोली लोक नृत्य ने समां बांध दिया। मनपा आयुक्त अनिल कुमार पवार ने नागरिकों से स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखना आवश्यक है और युवाओं में बढ़ती स्वच्छता जागरूकता बेहद सराहनीय है।

#### प्रतियोगिताओं में विजेता

- स्कूली नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता: एनपी शाह स्कूल, विरार (प्रथम)
- अंतर महाविद्यालय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता: विवा कॉलेज, विरार (प्रथम)
- लघु फिल्म प्रतियोगिता: शाम राउत (प्रथम), भक्ति साल्वी (द्वितीय), भारत शिरसाट (तृतीय)
- रंगोली प्रतियोगिता: गणेश सालियान (प्रथम), अक्षय वहालकर (द्वितीय), सूरज तांडेल (तृतीय)
- दीवार चित्रकला प्रतियोगिता: दशरथ वरनकर (प्रथम), आदित्य कांबले (द्वितीय), प्रथमेश झवेरी (तृतीय)

# सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की नई पहल

## महापालिका द्वारा स्वच्छता अभियान को मिल रही गति

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) द्वारा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न उपायों को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड के निर्देशानुसार और अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड के मार्गदर्शन में ठोस कचरा प्रबंधन अधिनियम और एकल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंध अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। महानगरपालिका क्षेत्र में कचरा संग्रहण, वैज्ञानिक तरीके से कचरा निपटान, जी.वी.पी. निर्मूलन और एकल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंध पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा, स्वच्छता अभियान, तालाब स्वच्छता और निर्माल्य संग्रहण को भी बड़े पैमाने पर लागू किया गया है।




### सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से नई योजनाओं पर चर्चा

महापालिका ने सामाजिक एवं पर्यावरण संगठनों के सहयोग से स्वच्छता योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक विशेष बैठक आयोजित की। यह बैठक ठोस कचरा प्रबंधन विभाग के उप आयुक्त अतुल पाटील की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और महापालिका अधिकारी शामिल हुए। बैठक में एकल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंध, कचरा विलगीकरण, परिवहन योजना, जन जागरूकता अभियानों और कार्यशालाओं पर गहन चर्चा की गई। सामाजिक संस्थाओं ने महापालिका को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### जन जागरूकता और सख्त कार्रवाई की योजना

आगामी दिनों में प्रभाग स्तर पर जन जागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई भी लागू की जाएगी। उप आयुक्त अतुल पाटील ने इस दिशा में ठोस कदम उठाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। महापालिका की यह पहल स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने में सहायक सिद्ध होगी।

# राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें।

**वृष:** घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें।

**मिथुन:** किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय नहीं है।

**कर्क:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह:** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**कन्या:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा।

**तुला:** सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**वृश्चिक:** बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**धनु:** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा।

**मकर:** घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कुंभ:** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें।

**मीन:** किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

# इन 10 संकेत से जानिए अपने पिछले जन्म में आप क्या थे?





प्रियंका जैन
9769994439

1. ज्योतिष के अनुसार जातक के लग्न में उच्च या स्वराशि का बुध या चंद्र स्थिति हो तो यह उसके पूर्व जन्म में सद्‌गुणी व्यापारी होने का सूचक है। लग्नस्थ बुध है तो वणिक पुत्र होकर विविध क्लेशों से ग्रस्त था।

2. किसी जातक की कुंडली के लग्न स्थान में मंगल उच्च राशि या स्वराशि में स्थित हो तो इसका अर्थ है कि वह पूर्व जन्म में योद्धा था। यदि मंगल षष्ठ, सप्तम या दशम भाव में है तो यह माना जाता है कि जातक पूर्वजन्म में बहुत क्रोधी स्वभाव का था।

3. यदि जातक की कुंडली में 4 या इससे अधिक ग्रह उच्च राशि के अथवा स्वराशि के हों तो यह माना जाता है कि जातक उत्तम योनि या जीवन भोगकर यहां जन्म लिया है।

4. यदि जातक की कुंडली में 4 या इससे अधिक ग्रह नीच राशि के हों तो ऐसा माना जाता है कि जातक ने पूर्वजन्म में निश्चय ही आत्महत्या की होगी।

5. यदि जातक की कुंडली में लग्नस्थ गुरु है तो माना जाता है कि जन्म लेने वाला जातक बहुत ज्यादा धार्मिक स्वाभाव का था। यदि जातक की कुंडली में कहीं भी उच्च का गुरु होकर लग्न को देख रहा हो तो माना जाता है कि जातक पूर्वजन्म में धर्मात्मा, सद्‌गुणी एवं विवेकशील साधु अथवा तपस्वी था। गुरु शुभ ग्रहों से दृष्ट हो या पंचम या नवम भाव में हो तो भी उसे संन्यासी माना जाता है।

6. यदि कुंडली में सूर्य छठे, आठवें या बारहवें भाव में हो अथवा तुला राशि का हो तो माना जाता है कि जातक पूर्वजन्म में भ्रष्ट जीवन जीकर जन्मा है।

7. यदि जातक की कुंडली में लग्न या सप्तम भाव में शुक्र ग्रह हो तो माना जाता है कि जातक पूर्वजन्म में जीवन के सभी सुखों को भोगने वाला राजा अथवा सेठ था।

8. यदि जातक की कुंडली में लग्न, एकादश, सप्तम या चौथे भाव में शनि हो तो यह माना जाता है कि जातक पूर्वजन्म में पापपूर्ण कार्यों में लिप्त था।

9. यदि जातक की कुंडली में लग्न या सप्तम भाव में राहु हो तो यह माना जाता है कि जातक की मृत्यु स्वभाविक रूप से नहीं हुई होगी।

10. यदि जातक की कुंडली में ग्यारहवें भाव में सूर्य, पांचवें में गुरु तथा बारहवें में शुक्र है तो माना जाता है कि जातक पूर्वजन्म में धर्मात्मा प्रवृत्ति का तथा लोगों की मदद करने वाला था।

न्यूज़ ब्रीफ

### छतनाग घाट के बाद अब अरैल मेला क्षेत्र में लगी आग

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के DGP प्रशांत कुमार, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और अन्य अधिकारियों ने महाकुंभ जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज प्रयागराज आ सकते हैं। प्रयागराज के झूंसी के छतनाग में बने टेंट सिटी में आग लग गई। कई टेंट (पंडाल) आग की चपेट में आ गए। कोई हताहत नहीं है। प्रयागराज के झूंसी के छतनाग में बने टेंट सिटी में आग लगने के बाद अब अरैल मेला क्षेत्र में आग लग गई है। बताया जा रहा है कि यह आग सेक्टर-25 स्थित डोम सिटी में लगी है। दमकलकर्मी आग बुझाने में जुट गए हैं।

यूपी अग्निशमन विभाग के अधिकारी प्रमोद शर्मा ने कहा, 'हमें आज छतनाग घाट पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत 15 टेंट्स में आग लगने की सूचना मिली। तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया गया। एसडीएम के अनुसार, यह अनधिकृत तम्बू था जो यहां लगाया गया था। यहां स्थिति नियंत्रण में है।'

### 3 साइबर अपराधी गिरफ्तार



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले की पुलिस ने 3 साइबर क्रिमिनल्स को गिरफ्तार किया है। ये लोग गर्भवती महिलाओं से ठगी किया करते थे।गिरिडीह पुलिस ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र से 3 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 4 मोबाईल फोन बरामद किये हैं। साइबर अपराधी गर्भवती महिलाओं को मातृत्व योजना का लाभ दिलाने के नाम पर और एयरटेल पेमेंट बैंक का खाता बंद हो जाने का डर दिखाकर उनसे वसूली और ठगी कर रहे थे।

### बिहार में बदले मौसम का दिखेगा असर

**पटना।** अगले तीन से चार दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी होगी। करीब तीन डिग्री तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। शुक्रवार को उत्तर बिहार के कई जिलों में आसमान प्रायः साफ व मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। बिहार के मौसम में अभी उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। शुक्रवार से बदले मौसम का असर दिखने लगेगा। अगले तीन से चार दिनों में बिहार में गर्मी बढ़ने जा रही है। इसको लेकर मौसम विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। बताया गया है कि अगले तीन से चार दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी होगी। करीब तीन डिग्री तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। शुक्रवार को उत्तर बिहार के कई जिलों में आसमान प्रायः साफ व मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। सुबह के समय मध्यम से घना कुहासा छा सकता है।

मुख्यमंत्री सोरेन ने की बड़ी घोषणा

# 40 हजार से अधिक पदों पर भर्ती

**रांची।** सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए झारखंड से एक बड़ी और सकारात्मक खबर आई है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रदेश के युवाओं के लिए बंपर भर्ती की घोषणा की है।। यह ऐलान दुमका जिले में तिरंगा फहराते हुए मुख्यमंत्री ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य में जल्द ही 48 हजार पदों पर भर्ती निकालने जा रही है। यह भर्तियां राज्य के विभिन्न विभागों के लिए और विभिन्न पदों पर की जाएंगी। यह भर्ती ऐलान राज्य के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो लंबे समय से सरकारी नौकरी की तलाश में थे। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि यह भर्ती पारदर्शी तरीके से की जाएगी, ताकि सभी योग्य उम्मीदवारों को समान अवसर मिले। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस मौके



का सही उपयोग करें और तैयार रहें, क्योंकि यह भर्ती राज्य की नौकरी की स्थिति को बेहतर बनाने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगी। ख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घोषणा की कि झारखंड राज्य में कुल 48,000 पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इनमें से 46,000 पदों के लिए संबंधित विज्ञापन पहले ही जारी कर दिए गए हैं, और इन पदों पर आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि 5,000 पदों पर उम्मीदवारों की भर्ती पूरी हो चुकी है और जल्द ही इन पदों पर नियुक्ति पत्र भी जारी किए जाएंगे।

सोरेन ने आगे कहा कि बाकी के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी, और इसके लिए विज्ञापन आने वाले दिनों में जारी किए जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए पूरी तत्परता से काम कर रही है, ताकि युवाओं को जल्दी से रोजगार मिल सके।

### लाखों युवाओं को दी गई स्किल ट्रेनिंग

झारखंड सरकार ने राज्य के युवाओं और महिलाओं के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की है, जो उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में मदद कर रही हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुरू की गई मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत अब तक राज्य के लगभग पांच लाख युवाओं को स्किल ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इस योजना का उद्देश्य राज्य के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार योग्य बनाना है। इन युवाओं को उनकी रुचि और योग्यताओं के हिसाब से विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग दी गई है, ताकि वे अपनी क्षमताओं का सही उपयोग कर सकें और खुद को आत्मनिर्भर बना सकें। मुख्यमंत्री सोरेन ने बताया कि इस स्किल ट्रेनिंग के बाद, अब तक दो लाख से अधिक प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार मिल चुका है। यह एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इससे न केवल युवाओं को नौकरी मिली है, बल्कि राज्य में बेरोजगारी दर को कम करने में भी मदद मिली है। राज्य सरकार ने सुनिश्चित किया है कि यह प्रशिक्षण उन क्षेत्रों में भी दिया जाए, जिनमें रोजगार के सबसे अधिक अवसर हैं, जैसे स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग, निर्माण, आईटी, कृषि, और अन्य तकनीकी क्षेत्र। इसके अलावा, झारखंड सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी कई योजनाओं की शुरुआत की है।

# मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित

## शहर के बाहर रोके गए वाहन, कई जगह लगा भीषण जाम

एजेंसी | प्रयागराज

मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व पर रात करीब एक बजे भगदड़ मचने के बाद प्रशासन ने मेले में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नया आदेश जारी किया है। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है।

मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व पर रात करीब एक बजे भगदड़ मचने के बाद प्रशासन ने मेले में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नया आदेश जारी किया है। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। दो पहिया वाहनों को भी मेले में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। जिले की सीमाओं पर रोके गए वाहनों को छोड़ दिया गया है। इसके बाद मेला क्षेत्र की सीमा पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अंदावा रिंग रोड बाईपास, नवाबगंज, सोरांव और चित्रकूट रोड पर गौहनिया के पास वाहनों को रोक दिया जा रहा है। मेले में रोज की अपेक्षा बृहस्पतिवार को कम भीड़ दिखी। अधिकारी भ्रमण करते रहे।



### नहीं जारी होगा किसी प्रकार का प्रोटोकॉल

मेला प्रशासन और कुंभ पुलिस ने अमृत स्नान पर्व पर भगदड़ मचने के बाद की व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा।

### भीड़ प्रबंधन के लिए आईट्रिपल सी सक्रिय

संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ जमा न हो, इसके लिए इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर मॉनिटरिंग करेगा। भीड़ वाले इलाकों में त्वरित कार्यवाही के लिए विशेष दल तैनात किए गए हैं। प्रमुख मार्गों पर खास निगरानी की जा रही है। साथ ही, अराजक और संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी जा रही है।

# महाकुंभ हादसा दुर्भाग्यपूर्ण: डिंपल यादव

**अयोध्या।** मिल्कीपुर में रोड शो के लिए डिंपल यादव अयोध्या पहुंचीं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ हादसा दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि मुआवजा राशि बढ़ाई जाए। यूपी के अयोध्या में मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासत गर्म है। इसी कड़ी में गुरुवार को समाजवादी पार्टी की स्टार प्रचारक सांसद डिंपल यादव रोड शो करने अयोध्या पहुंची। इस मौके पर सांसद डिंपल यादव ने कहा कि मिल्कीपुर चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में माहौल है। हम वहां पर भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज करेंगे। प्रयागराज



महाकुंभ हादसे पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारी संवेदना उन परिवारों के साथ है, जिन्होंने अपनों को खोया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि जो घायल हैं वे जल्द स्वस्थ हों। उन्होंने प्रदेश की योगी सरकार से कहा कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए। जिनकी मौत हुई है, उनके शव परिजनों को जल्द सौंप दिए जाएं। इसके पहले एयरपोर्ट पहुंचने पर सपा सांसद का पूर्व मंत्री पवन पांडेय, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव और सांसद अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सपा सांसद एयरपोर्ट से रोड शो के लिए मिल्कीपुर रवाना हो गई हैं।

# श्रद्धालुओं से भरी बस और डंपर में भीषण टक्कर

### एक श्रद्धालु की मौत, सात गंभीर रूप से घायल

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रद्धालुओं से भरी बस और डंपर में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई। जबकि सात गंभीर रूप से घायल हो गए। दो को रेफर किया गया है।

यूपी के अयोध्या में पूराकलंदर थाना क्षेत्र के रायबरेली हाईवे पर बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं से भरी बस और डंपर में भीषण टक्कर हो गई। इस घटना में एक श्रद्धालु की मौत हो गई। जबकि सात श्रद्धालु घायल हो गए। इसमें दो की हालत नाजुक है। उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। अन्य घायल श्रद्धालुओं का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

### बस में कुल 22 श्रद्धालु सवार थे



हादसा नौउवा कुआं के पास हुआ। बस में कुल 22 श्रद्धालु सवार थे और सभी तेलंगाना के निवासी हैं। इस भीषण दुर्घटना में तेलंगाना के रामनअनजनेलू (42 वर्ष) निवासी बल्लारपुर जिला मिरचिल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घायलों में रंगना ( 35 वर्ष) निवासी मल्लारपुर जिला मिरचिल तेलंगाना, मोहन (40 वर्ष), भलहस ( 40 वर्ष), रवीश कुमार (45 वर्ष), नागराज ( 30 वर्ष), रामू ( 33 वर्ष) और राजमोहन (34 वर्ष) घायल हो गए।

कोठापल्ली अशोक (35 वर्ष) निवासी अमरचिंता तेलंगाना और भूनेश ( 25 वर्ष) निवासी मिरचिल तेलंगाना को ओपीडी के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों को जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। मृतक के शव को विधिक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



# 'माउंटेन मैन' के बेटे को लाने की तैयारी

**बिहार में क्या संदेश देना चाहती है कांग्रेस**

एजेंसी | पटना

कांग्रेस पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। संगठन में भी बदलाव किया जा रहा है। इसी कड़ी में पार्टी ने 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के पुत्र भगीरथ मांझी को अपने साथ लेने का फैसला किया है। आइये जानते हैं कांग्रेस की रणनिति क्या है? बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसके तहत सभी दलों की नजर विरोधियों के वोट बैंक पर है। सभी दल एक-दूसरे के वोट बैंक में सेंध लगाने की जुगत में हैं। इस बीच, 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के पुत्र भगीरथ मांझी ने जदयू को छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। माना जा रहा है कि भगीरथ मांझी के जरिए कांग्रेस की नजर महादलित जातियों, खासकर मांझी समुदाय को साधने की है। दरअसल, दशरथ मांझी के पुत्र भगीरथ मांझी दो दिन पहले दिल्ली में कांग्रेस के दफ्तर में जाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

## व्यापार जगत

# बैंकों में पेंशन और अन्य सेवाएं लेना हुआ दूभर

एजेंसी | नई दिल्ली

देशभर में बैंकिंग प्रणाली से जुड़ी कई तरह की शिकायतें बढ़ रही हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि बुजुर्गों को बैंकों में पेंशन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें एक तरफ केवाईसी अपडेट कराने से लेकर अन्य तरह की समस्याएं आ रही हैं। वहीं दूसरी तरफ बैंकों द्वारा जमा और निकासी के अतिरिक्त दी जाने वाली सेवाओं (पैरा बैंकिंग) में भी ग्राहकों को परेशान किया जा रहा है। यही कारण है कि एक वित्तीय वर्ष के दौरान पेंशन से जुड़ी शिकायतों में 39.5 फीसदी और पैरा बैंकिंग से जुड़े मामलों में 57 फीसदी से अधिक वृद्धि हुई हैं। यही नहीं, कर्ज और अग्रिम कर्ज के मामलों में भी ग्राहकों को परेशान किया जा रहा है।



### शिकायतों की संख्या में 53 हजार से अधिक की बढ़ोतरी

हाल ही में आरबीआई द्वारा एकीकृत लोकपाल योजना के तहत वित्त वर्ष 23-24 में दर्ज और निपटाई गई शिकायतों पर आधारित रिपोर्ट जारी की गई। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 22-23 की तुलना में वित्त वर्ष 23-24 में लोकपाल योजना के तहत दर्ज की गई शिकायतों की संख्या में 53 हजार से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीते वित्त वर्ष में कुल 2,99,022 शिकायतें आईं, जिसमें से 2,84,355 शिकायतों यानी 95 प्रतिशत से अधिक का निपटान कर दिया गया। जबकि वित्त वर्ष 22-23 में 2.45 लाख से अधिक शिकायतें मिली थीं, जिनमें से करीब 98 प्रतिशत को निपटाया गया था।

### सरकारी बैंक में पेंशन की शिकायतें ज्यादा

आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा शिकायतें कर्ज और अग्रिम कर्ज से जुड़ी हुई हैं। हालांकि बैंकिंग प्रणाली में सबसे ज्यादा शिकायतें ऋण से संबंधित रहती है लेकिन बीते वित्त वर्ष में पेंशन और पैरा बैंकिंग से जुड़ी शिकायतें बढ़ी हैं जो चिंताजनक है। खास तौर पर सरकारी बैंकों से संबंधित पेंशन की शिकायतें सबसे ज्यादा प्राप्त हुई हैं। पेंशन से जुड़ी कुल 4108 शिकायतें दर्ज की गईं।

### क्या हैं पैरा बैंकिंग ?

बैंकों द्वारा दैनिक जमा व निकासी के अतिरिक्त दी जाने वाली सेवाओं को पैरा बैंकिंग सेवा के तौर पर गिना जाता है। इसमें बीमा व्यवसाय, पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाएं, पेंशन फंड प्रबंधन, म्यूचुअल फंड व्यवसाय, मनी मार्केट म्यूचुअल फंड, वेंचर कैपिटल फंड में निवेश आदि सेवाएं आती हैं।

### पैरा बैंकिंग सेवाएं देने में भी बढ़ी शिकायतें

बैंक सामान्य सेवाओं के अतिरिक्त अन्य सेवाएं देने में भी आनाकानी कर रहे हैं। खास तौर पर पैरा बैंकिंग की बात करें तो कुल 4380 शिकायतें मिलीं। इसमें से 2614 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 1385 निजी, 195 पेमेंट बैंक और 83 ग्रामीण क्षेत्र के बैंकों से संबंधित थीं। शेष शिकायतें अन्य बैंकों से संबंधित थीं।

# तीसरी-तिमाही में अडाणी पोर्ट्स का मुनाफा 14% बढ़कर 2,520 करोड़

### रेवेन्यू 15% बढ़कर 7,964 करोड़ रहा, 6 महीने में 31% गिरा शेयर

**मुंबई।** अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (SEZ) को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 2,520 करोड़ रुपए का मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार (YOY) पर इसमें 14.13% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 2,208 करोड़ रुपए का प्रॉफिट हुआ था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में संचालन से कंपनी का कॉसोलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 15% बढ़कर 7,964 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल तीसरी तिमाही में कंपनी ने 6,920 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिलने वाली राशि को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है।




### 6 महीने में 31% गिरा अडाणी पोर्ट्स का शेयर

तिमाही नतीजों के बाद अडाणी पोर्ट्स का शेयर गुरुवार, 30 जनवरी को 2.09% गिरकर 1,074 के स्तर पर बंद हुआ। बीते 5 दिन में कंपनी का शेयर 2.69%, एक महीने में 11.86%, छह महीने में 30.54% और एक साल में 9.55% गिरा है। अडाणी पोर्ट्स एंड सेज का मार्केट कैप 2.33 लाख करोड़ रुपए है।

# चीनी उद्योग में जीडीपी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर तीन फीसदी करने की क्षमता: गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि चीनी उद्योग में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर तीन फीसदी करने की क्षमता है। फिलहाल चीनी उद्योग की जीडीपी में हिस्सेदारी 1.0 से 1.15 फीसदी है। उन्होंने गन्ने का प्रति एकड़ उत्पादन बढ़ाने की जरूरत भी बतायी।

केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में चीनी मंडी की ओर से आयोजित चीनी-इथेनॉल और जैव ऊर्जा भारत सम्मेलन (एसईआईसी) 2025 के चौथे संस्करण को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय चीनी उद्योग देश की जीडीपी में तीन प्रतिशत योगदान देने की क्षमता रखता है। नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में चीनी, इथेनॉल और बायोएनर्जी के अभिसरण पर प्रकाश डाला।

# तीसरे दिन भी शेयर बाजार में जारी रही मजबूती

### सेंसेक्स-निफ्टी ने बनाए नए रिकॉर्ड

एजेंसी | नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार ने लगातार तीसरे दिन मजबूती दिखाते हुए सकारात्मक बंदी दर्ज की। सेंसेक्स 0.30% और निफ्टी 0.37% की बढ़त के साथ बंद हुए। शुरुआती कारोबार में मामूली तेजी के बाद दिनभर खरीदारी और बिकवाली के बीच उतार-चढ़ाव देखने को मिला।



### सेक्टरवार प्रदर्शन

रियल्टी, पब्लिक सेक्टर उद्यम और तेल-गैस सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी का दबाव रहा। बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, फार्मा और मेटल इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। वहीं, आईटी, टेक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर में बिकवाली हावी रही। मिडकैप इंडेक्स 0.04% गिरा, जबकि स्मॉलकैप 0.02% चढ़ा।

### निवेशकों की संपत्ति में इजाफा

आज के कारोबार से निवेशकों को 1.29 लाख करोड़ रुपये का फायदा हुआ। बीएसई का कुल बाजार पूंजीकरण 416.75 लाख करोड़ से बढ़कर 418.04 लाख करोड़ (अस्थाई) हो गया।

### शेयरों का ट्रेडिंग आंकड़ा

**बीएसई:** 4,074 शेयरों में ट्रेडिंग हुई। 2,139 हरे, 1,811 लाल और 124 स्थिर रहे।

**एनएसई:** 2,558 शेयरों में ट्रेडिंग। 1,424 हरे, 1,134 लाल। सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयर चढ़े, जबकि निफ्टी के 50 में से 35 शेयर हरे निशान में बंद हुए।

**सेंसेक्स:** 76,598.84 अंक पर खुलकर 76,962.88 के शिखर और 76,401.13 के निचले स्तर को छुआ। अंत में 76,759.81 (+226.85) पर बंद हुआ।

**निफ्टी:** 23,169.50 अंक से शुरुआत कर 23,322.05 के उच्च और 23,139.20 के निम्न स्तर पर झूला। 23,249.50 (+86.40) अंक पर समाप्त हुआ।

**टॉप गेनर्स:** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (+4.32%), पावर ग्रिड (+2.61%), हीरो मोटोकॉर्प (+2.59%)।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
मुंबई, शुक्रवार, 31 जनवरी 2025



## चौथा टी-20

# भारत के लिए आसान नहीं होगा अजेय बढ़त लेना

- 27 मैच दोनों टीमों के बीच अब तक खेले जा चुके
- 15 में भारत को और 12 में इंग्लैंड को जीत मिली

**डीबीडी संवाददाता | पुणे**

तेज रफ्तार के सामने संजू सैमसन की कमजोरी और रिंकू सिंह की खराब फॉर्म और फिटनेस इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी-20 मैच से पहले भारतीय टीम प्रबंधन के लिए चिंता का सबब होगी। ऐसे में पांच मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त लेना मेजबान टीम के लिए आसान नहीं होगा। हालांकि वह अभी 2-1 से आगे है।

### रिंकू की चिंता

रिंकू सिंह की कमर की तकलीफ के कारण सातवें नंबर पर ध्रुव जुरेल को उतारा गया लेकिन वह इस प्रारूप में फिट नहीं हो पा रहे। रिंकू को पहले दो मैचों में आराम दिया गया और वह चौथे मैच तक फिट हो सकते हैं। वैसे रिंकू भी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। गंभीर जब कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर बने तब रिंकू को 2024 आईपीएल में कुल 70 गेंद खेलने को मिलीं और वह टी-20 विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके। अपनी गेंदबाजी के दम पर शिवम दुबे को टीम में जगह मिली थी।



### दुबे-रमनदीप में कौन

भारतीय मध्य क्रम भी इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद को नहीं खेल पा रहा है। ऐसे में देखना है कि क्या दुबे को मौका मिलता है। तीसरा विकल्प रमनदीप सिंह है जो फिनिशर होने के साथ दुबे से बेहतर तेज गेंदबाज है। लेकिन बेहतरीन तेज गेंदबाजों के सामने उनकी भी परख नहीं हुई है। मोहम्मद शमी काफी समय बाद लौटे हैं और राजकोट में उन्होंने अच्छी वापसी की। देखना होगा कि जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में क्या भारत के सर्वश्रेष्ठ टी-20 गेंदबाज अर्शदीप सिंह को जगह मिलती है और क्या वह पावरप्ले में सफलता दिला सकते हैं?

### संजू नहीं चल रहे

राजकोट में तीसरा मैच हारने के बाद भारतीय टीम के पास मुंबई में 2 फरवरी को होने वाले आखिरी मैच से पहले सीरीज जीतने का मौका है। सूर्यकुमार यादव की टीम में केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन ने टी-20 सत्र की शुरुआत बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शतक के साथ की। पर मौजूदा सीरीज में उनका स्कोर 26, 5 और तीन रहा है जो चिंता की बात है। वह 145 किमी की रफ्तार से अधिक वाली गेंदों का सामना नहीं कर पा रहे। इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड 145 से 155 किमी की रफ्तार से गेंद डालते हैं जिनकी गति सैमसन के लिए परेशानी का कारण बन गई है। तीनों मैचों में वह फिल साल्ट को कैच देकर लौट गए।

## महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप

# इंग्लैंड पर भारतीय टीम का पलड़ा भारी, नजर फाइनल के टिकट पर



### दोनों सेमीफाइनल मुकाबले आज खेले जाएंगे

**एजेंसी | कुआलालंपुर**

भारतीय टीम अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड का सामना करेगी। इस मुकाबले में उसका लक्ष्य टूर्नामेंट का अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए फाइनल का टिकट कटाने का होगा। भारतीय टीम लगातार चार जीत के साथ अंतिम चार में पहुंची है जबकि इंग्लैंड की टीम को चार मैच में दो जीत और दो हार मिली है। पहले मैच में मेजबान मलेशिया को दस विकेट से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका को 60 रन से और बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। वहीं सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड को 150 रन से मात दी।

### तृषा से फिर उम्मीदें

निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिए स्कॉटलैंड के खिलाफ जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाए जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। उनसे फिर ऐसी ही धमाकेदार पारी की उम्मीद होगी। वहीं उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली। तृषा टूर्नामेंट में अब तक सर्वाधिक 230 रन बना चुकी हैं। इंग्लैंड की बल्लेबाज डेविना पेरिन 131 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है । भारत ने स्कॉटलैंड को सिर्फ 58 रन पर आउट कर दिया था। आयुषी शुक्ला ने आठ रन देकर चार, वैष्णवी शर्मा ने पांच रन देकर तीन और तृषा ने छह रन देकर तीन विकेट लिए। वैष्णवी टूर्नामेंट में अब तक 12 और आयुषी दस विकेट ले चुकी हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के सामने दक्षिण अफ्रीका की चुनौती

टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के सामने दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी। मुकाबला सुबह आठ बजे से शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया ने चार मैच में तीन जीत और एक हार के साथ अंतिम चार में जगह बनाई। उसने बांग्लादेश, नेपाल और वेस्टइंडीज को हराया जबकि श्रीलंका से उसे हार का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीकी टीम चार मैच में अजेय रही। उसे तीन में जीत मिली जबकि अमेरिका के खिलाफ मैच रद्द हो गया था।

**टीमें : भारत :** निक्की प्रसाद (कप्तान), सानिया शाल्के, जी तृषा, जी कमलिनी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी धृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस। **इंग्लैंड :** एबी नोरग्रोव (कप्तान), फीबी ब्रेट, ओलिविया ब्रिसडेन, टिली कोर्टीन कोलमैन, ट्रूडी जॉनसन, कैटी जोंस, चार्लोस लैम्बार्ट, इव ओनील, डेविना पेरिन, जेमिमा स्पेंस, चार्लोट स्टब्स, अमृता सुरेनकुमार, पृषा थानावाला, एरिन थॉमस , ग्रेस थाम्पसन।

# हॉकी इंडिया ने नए खिलाड़ियों को भी दिया मौका

**एजेंसी | नई दिल्ली**



भारत ने आगामी एफआईएच प्रो लीग के लिए चुने गए संभावित खिलाड़ियों में छह से अधिक युवाओं को हॉकी इंडिया लीग और जूनियर स्तर पर उनके प्रदर्शन के आधार पर मौका दिया है। लीग का भुवनेश्वर चरण 15 से 25 फरवरी तक खेला जाएगा।

### पहली बार सीनियर टीम में मौका

हॉकी इंडिया ने बयान में कहा, जूनियर टीम में और हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन से 22 वर्ष के अंगद बीर सिंह और 20 वर्ष के अर्शदीप सिंह को पहली बार प्रो लीग के मैचों के लिए सीनियर टीम में चुना गया है। पिछले साल मस्कट में जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में रहे प्रिंसदीप भी सीनियर टीम के संभावित खिलाड़ियों में पहली बार चुने गए हैं। कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, मैं चुनी हुई टीम से बहुत खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि यह एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन करके मैच जीत सकती है।

### हरमनप्रीत को कमान

चुने गए 32 खिलाड़ियों की सूची में पहली बार जगह पाने वाले गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह, डिफेंडर यशदीप सिवाच, मिडफील्डर रबिचंद्र सिंह और राजिंदर सिंह और फॉरवर्ड अंगदबीर सिंह, उत्तम सिंह और अर्शदीप सिंह शामिल हैं। टीम की कमान अनुभवी ड्रैग फिलकर हरमनप्रीत सिंह के हाथ में होगी जबकि हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। भारत को स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड से दो-दो मैच खेलने हैं। भारतीय टीम 2023-24 सत्र में नौ टीमों में सातवें स्थान पर रही थी। उसके बाद टीम ने वापसी करते हुए पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता।

# लाहौर में 16 फरवरी को होगा उद्घाटन समारोह

## चैंपियंस ट्रॉफी

**एजेंसी | कराची**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ मिलकर 16 फरवरी को आगामी चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह लाहौर में कराएगा। पीसीबी के सूत्र ने गुरुवार को कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 19 फरवरी को कराची में राष्ट्रीय स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले मैच से पहले के निर्धारित कार्यक्रमों की सूची को मंजूरी दी।

### स्टेडियमों का भी होगा उद्घाटन

पीसीबी मरम्मत किए गए गद्दाफी स्टेडियम का 7 फरवरी को आधिकारिक रूप से उद्घाटन करेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। पीसीबी 11 फरवरी को कराची में एक समारोह में पुनर्निर्मित राष्ट्रीय स्टेडियम को भी लांच करेगा।

### हुजूरी बाग में कार्यक्रम

उद्घाटन समारोह ऐतिहासिक लाहौर किले के हुजूरी बाग में तय किया गया है जिसमें विभिन्न बोर्डों के अधिकारी, मशहूर हस्तियां, खेल के दिग्गज और सरकारी अधिकारी आमंत्रित किए जाएंगे। आईसीसी और पीसीबी ने अभी तक पुष्टि नहीं की है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा प्रेस कांफ्रेंस और फोटोशूट के लिए लाहौर आएंगे या नहीं। सूत्र ने कहा कि पीसीबी और आईसीसी कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस और फोटोशूट के कार्यक्रम पर भी काम कर रहे हैं जिसके 16 फरवरी को लाहौर में होने की संभावना है।

# मुक्केबाज मनोज कुमार ने संन्यास लिया, अब कोचिंग देंगे



**एजेंसी | नई दिल्ली**

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज मनोज कुमार ने गुरुवार को संन्यास लेने की घोषणा कर दी। अब वह कुरुक्षेत्र में अपने बड़े भाई और कोच राजेश कुमार के साथ बनाई गई अकादमी में कोचिंग देंगे। लाइट वेल्टरवेट (64 किग्रा) में प्रतिस्पर्धा करने वाले हरियाणा में कैथल के मुक्केबाज ने 2010 दिल्ली में पहला और राष्ट्रमंडल खेलों का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। वह एशियाई चैंपियनशिप में दो बार के कांस्य पदक विजेता भी हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में दूसरा और अंतिम कांस्य पदक उन्होंने 2018 गोल्ड कोस्ट खेलों में जीता था। दो बार के ओलंपियन मनोज 2012 लंदन और 2016 रियो दि जिनेरियो दोनों में प्री क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। उन्होंने कहा, अब मैं 40 साल का हो गया हूं तो यह सोच समझकर लिया गया फैसला है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार अमेच्योर प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले सकता। मैं संतुष्ट हूं क्योंकि देश का प्रतिनिधित्व करते हुए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया।

# नर्मदा का रिकॉर्ड के साथ सोने पर निशाना

**एजेंसी | देहरादून**

विश्व कप की पूर्व विजेता नर्मदा नितिन राजू ने गुरुवार को 38वें राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक पर निशाना लगाया। इस दौरान उन्होंने एशियाई खेलों की पदक विजेता रमिता जिंदल और ओलंपियन इलावेनिल वालारिवन सहित कई मजबूत निशानेबाजों को मात देते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। हालांकि वह विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने से महज एक अंक के दशमलव से आगे के हिस्से से चूक गईं। उन्होंने ओलंपियन अपूर्वी चंदेला के नई दिल्ली में 2019 विश्व कप में बनाया 252.9 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने इंग्लैंड को 170 पर समेटा



**एजेंसी | मेलबर्न**

अलाना किंग (चार विकेट), किम गार्थ और डार्सी ब्राउन (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को इंग्लैंड की टीम को पहली पारी में 170 के स्कोर पर समेट दिया। टॉस हार इंग्लैंड ने 47 के स्कोर पर तीन विकेट गवां दिए। इसके बाद नेट शिवर ब्रंट और सोफिया डंकली ने पारी संभालने का प्रयास किया। अलाना किंग ने सोफिया डंकली (21) को आउट साझेदारी तोड़ी। डेनिएल व्याट (22), एमी जोंस (तीन), सोफी एक्लेस्टन (एक) रन बनाकर आउट हुईं। ब्रंट ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली। रायना मैकडॉनल्ड-गे (15) रन बनाकर नाबाद रही। जवाब में मेजबान टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 56 रन बना लिए थे।

## मुंबई के मैदानों से

### कल से एल एंड टी ओपन टेनिस स्पर्धा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में चौथी एल एंड टी ओपन टेनिस प्रतियोगिता शनिवार, एक फरवरी से से क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के टेनिस कोर्ट पर खेली जाएगी। पहले दो दिन क्वालीफाईंग चक्र के मैच होंगे, उसके बाद तीन फरवरी से मुख्य ड्रॉ के मैचों का आयोजन होगा। प्रतियोगिता का फाइनल नौ फरवरी को होगा। प्रतियोगिता में दुनिया भर से कई नामी-गिरामी खिलाड़ी इसमें खेलती नजर आयेगीं, लेकिन विश्व में 73 रैंक वाली तात्जाना मारिया मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। भारतीय खिलाड़ियों को वाईल्ड कॉर्ड दिया गया है, उनके मुकाबले मौजूदा चैंपियन लातवियाई दारजा सेमेनिस्टाजा और प्रतिभाशाली फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला हैं और ये दोनों मारिया को कड़ी टक्कर देने का माद्दा रखती है।

### रविवार को एचपीएसएल इंडियन डर्बी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

रविवार, दो फरवरी को ऐतिहासिक महालक्ष्मी रेसकोर्स पर देश की सबसे प्रतिष्ठित घुड़दौड़ एचपीएसएल इंडियन डर्बी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे देश के 16 दमदार घोड़े हिस्सा लेने वाले हैं। दौड़ के लिए कुल ईनामी राशि 2,82,50,000 रुपए है, जिसे जीतने के लिए उल्लेखनीय तौर पर पांच घोड़े अफ्रिकॉन गोल्ड, ड्युक ऑफ टस्क़ॉनी, सॉयकिक स्टॉर, रैंक्विलिनो और रेजिना मेमोरेबिलिस ने फाइनल प्रविष्टियां भरी है और बहुत दिनों के बाद महालक्ष्मी रेसकोर्स पर पांच विदेशी सवार अपना कौशल दिखाने वाले हैं। इंडियन डर्बी का आयोजन घुड़दौड़ शौकीनों के लिए एक पर्व से कम नहीं रहता है और पूरे वर्ष इसके आयोजन का इंतजार करते हैं। इस बार एचपीएसएल इंडियन डर्बी में जोरदार प्रतिस्पर्धा तो होगी ही और साथमें रॉयल वेस्टर्न इंडिया टर्फ क्लब द्वारा कई आकर्षक उपहार प्रस्तुत किये जा रहे हैं। घुड़दौड़ शौकीनों को जैकपॉट के तौर पर एक करोड़ की ईनामी राशि के अलावा दस लाख रुपए के लकी ड्रॉ भी रखे गए हैं।

# अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'स्पिरिट'

पिछले लंबे समय से पैन इंडिया स्टार प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'एनिमल' और 'अर्जुन रेड्डी' जैसी धमाकेदार फिल्मों का निर्देशन करने वाले संदीप रेड्डी वांगा इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। अब 'स्पिरिट' की शूटिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। इसके साथ फिल्म की रिलीज तारीख भी सामने आ गई है।

### हैदराबाद से शुरू होगी शूटिंग

एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रभास अभिनीत एक्शन थ्रिलर 'स्पिरिट' का फिल्मांकन मई 2025 में शुरू कर दिया जाएगा। प्री-प्रोडक्शन का काम पूरे जोरों पर है। यह फिल्म प्रभास की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है। 'स्पिरिट' की शूटिंग हैदराबाद से शुरू होगी और भारत और विदेश में कई अन्य जगहों पर भी शेड्यूल होगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 'स्पिरिट' अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। एक्शन थ्रिलर कही जाने वाली इस फिल्म में प्रभास डबल रोल में होंगे। उनकी एक भूमिका हीरो की तो एक खलनायक की होगी।



# फिर साथ आए सलमान खान और रश्मिका मंदाना



अभिनेता सलमान खान काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गजनी' का निर्देशन कर चुके एआर मुरुगादॉस ने संभाली है। इस फिल्म में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब खबर आ रही है कि 'सिकंदर' की रिलीज से पहले सलमान और रश्मिका फिर साथ आ गए हैं।

### दोनों से बात कर रहे एटली

'सिकंदर' की रिलीज से पहले सलमान और रश्मिका ने एक फिल्म के लिए फिर हाथ मिलाया है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म के निर्देशन की कमान एटली ने संभाली है, जिन्होंने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'जवान' जैसी सुपरहिट फिल्म दी थी। एटली अपनी अगली फिल्म के लिए सलमान और रश्मिका से बातचीत कर रहे हैं और दोनों सितारों ने फिल्म में अपनी दिलचस्पी दिखाई है।



### कब रिलीज होगी 'सिकंदर'?

'सिकंदर' की बात करें तो फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। इसमें प्रतीक बब्बर और सत्यराज जैसे सितारे भी अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म में एक अहम भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन से संपर्क किया है। इस फिल्म को ईद, 2025 के मौके पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसमें सलमान का धाकड़ अवतार दिखा। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है।

# स्वरा भास्कर का एक्स अकाउंट हुआ सस्पेंड



स्वरा भास्कर की एक्स प्रोफाइल अकाउंट को कॉपीराइट उल्लंघन के कारण स्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि भास्कर ने गणतंत्र दिवस पर कुछ पोस्ट किया था। अभिनेत्री ने खुद इस बात की जानकारी अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी और उन्होंने इसके पीछे की वजह का भी खुलासा किया। एक पोस्ट साझा करते हुए स्वरा ने लिखा, 'ट्वीटर या एक्स ने मेरे अकाउंट को स्थायी रूप से निलंबित कर दिया, एक हैप्पी रिपब्लिक डे की शुभकामना पोस्ट करने के लिए'। स्वरा ने एक लंबा कैप्शन लिखा, जिसमें लिखा था, 'प्रिय एक्स, दो ट्वीट्स की दो तस्वीरों को 'कॉपीराइट उल्लंघन' के रूप में बताया गया है, जिसके आधार पर मेरा एक्स अकाउंट लॉक है, मैं इसे एक्सेस नहीं कर सकती और आपकी टीमों द्वारा स्थायी निलंबन को मंजूरी दे दी गई है।

### बेटी की तस्वीर पर भी कॉपीराइट

उन्होंने आगे कहा, 'उल्लंघन के रूप में बताई गई दूसरी तस्वीर मेरी अपनी बच्ची की है, जिसमें उसका चेहरा छिपा हुआ है और वह भारतीय ध्वज लहरा रही है। उस पर 'हैप्पी रिपब्लिक डे इंडिया' लिखा हुआ है।' स्वरा ने आगे लिखते हुए पूछा, 'यह संभवत: कॉपीराइट का उल्लंघन कैसे हो सकता है? मेरे बच्चे की तस्वीर पर किसका कॉपीराइट है? ये दोनों शिकायतें कॉपीराइट की किसी भी कानूनी परिभाषा की किसी भी तर्कसंगत और उद्देश्य की समझ से हास्यास्पद हैं।'

## न्यूज़ ब्रीफ

### जगदंबिका पाल ने लोकसभा अध्यक्ष को वक्फ जेपीसी रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार करने के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने समिति की रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी है। समिति ने बुधवार को 655 पेज की रिपोर्ट को बहुमत के आधार पर मंजूरी दी थी। हालांकि, विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट के मसौदे का विरोध करते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया था। वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की मंजूरी के बाद इसे लोकसभा में पेश किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि जगदंबिका पाल अगले सप्ताह रिपोर्ट को सदन के पटल पर रख सकते हैं।

### भगदड़ मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, जनहित याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** महाकुंभ के दूसरे अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या से पहले प्रयागराज के संगम क्षेत्र में मंगलवार रात भगदड़ मच गई थी। बुधवार रात घटी इस घटना में 30 लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल हो गए। इस घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। महाकुंभ जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भगदड़ को रोकने के लिए राज्य सरकारों को निर्देश, नीति और नियम बनाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई।

### इन्फोसिस के को-फाउंडर गोपालकृष्णन को राहत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने इन्फोसिस के सह-संस्थापक और आईआईएससी काउंसिल के अध्यक्ष क्रिस गोपालकृष्णन के खिलाफ दर्ज एससी/एसटी अत्याचार मामले की जांच और कार्रवाई पर रोक लगा दी है। गोपालकृष्णन और अन्य आरोपितों पर कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश जस्टिस एसआर कृष्ण कुमार ने बुधवार को दिया। गोपालकृष्णन ने बयान में कहा, मुझे दुख है कि हाशिये पर पड़े समुदायों की रक्षा के लिए बनाए गए कानून का मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि वह 2022 से आईआईएससी से जुड़े हुए हैं, जबकि कथित घटनाएं 2014 की हैं। उन्होंने कहा कि न्याय की जीत होगी। भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के पूर्व प्रोफेसर सना दुर्गप्पा की शिकायत के बाद एक कोर्ट के आदेश पर गोपालकृष्णन और 17 अन्य के खिलाफ एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### सेवानिवृत सैनिकों की पेंशन के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की केंद्र को फटकार

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च अदालत ने गुरुवार को सेना के सेवानिवृत कर्मियों की पेंशन के मुद्दे पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई। साथ ही अदालत ने केंद्र से रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन के मुद्दे पर नीति बनाने का निर्देश दिया। सशस्त्र बल ट्रिब्यूनल ने सेवानिवृत रेडियो फिटर को दिव्यांगता पेंशन देने का आदेश दिया था। ट्रिब्यूनल के इस आदेश के खिलाफ केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

# 10 महीने के अंदर खुद का AI मॉडल लॉन्च करेगा इंडिया

## IT मंत्री अश्विनी वैश्नव ने किया ऐलान

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में चीन और अमेरिका की टक्कर के बीच भारत ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने का फैसला किया है। IT मंत्री अश्विनी वैश्नव ने गुरुवार(30 जनवरी) को इसका ऐलान किया। अश्विनी वैश्नव ने कहा कि अगले 10 महीनों में भारत अपना खुद का AI मॉडल लॉन्च करेगा। उन्होंने कहा कि यह मॉडल भारतीय संदर्भ और संस्कृति के मुताबिक होगा। सरकार ने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए 18,000 GPUs का एक विशाल



कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, जो देश के स्टार्टअप्स और रिसर्चर्स को भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### सरकार का AI मिशन और GPU पावर

AI मॉडल को विकसित करने के लिए बड़े पैमाने पर कंप्यूटिंग पावर की जरूरत होती है। IT मंत्री के मुताबिक, DeepSeek AI को 2,000 GPUs से ट्रेन किया गया, जबकि ChatGPT को 25,000 GPUs का इस्तेमाल कर बनाया गया। भारत के पास फिलहाल 15,000 हाई-एंड GPUs हैं और 18,000 GPUs की एक नई कंप्यूट फैसिलिटी तैयार की गई है। GPU (Graphics Processing Unit) बड़े भाषा मॉडल (LLM) को ट्रेन करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। ये विशेष रूप से AI प्रोसेसिंग के लिए डिजाइन किए गए होते हैं, जो सामान्य GPU की तुलना में कहीं अधिक तेज और कुशल होते हैं।

### DeepSeek और ChatGPT की टक्कर के बीच भारत की एंट्री

अमेरिकी AI कंपनियों पर चीन की DeepSeek AI ने कड़ी चुनौती पेश की है। OpenAI जैसे बड़े प्लेटफॉर्म के सामने DeepSeek का उभरना दिखाता है कि AI की दुनिया में नए खिलाड़ी भी अपनी जगह बना सकते हैं। अब भारत भी इस प्रतिस्पर्धा में शामिल होने जा रहा है। IT मंत्री ने कहा कि भारत एक ऐसे AI मॉडल पर काम कर रहा है, जो स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा। इस मॉडल का मुख्य उद्देश्य भारतीय भाषाओं और डेटा के आधार पर बेहतर प्रदर्शन करना है।

### भारत में कई क्षेत्रों में होगा AI का इस्तेमाल




सरकार सिर्फ टेक्नोलॉजी सेक्टर में ही नहीं, बल्कि दूसरे क्षेत्रों में भी AI को लागू करने की योजना बना रही है। IndiaAI मिशन के तहत हेल्थकेयर, एजुकेशन, एग्रीकल्चर और मौसम पूर्वानुमान जैसे क्षेत्रों में भी AI का इस्तेमाल किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत को AI के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद करेगा। AI तकनीक का उपयोग किसानों को बेहतर खेती के सुझाव देने, बाढ़ और सूखे की सटीक भविष्यवाणी करने और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए किया जाएगा।

### 10 हजार करोड़ का AI मिशन

भारत के AI मिशन को सरकार की मंजूरी पिछले साल मार्च में मिली थी। 10 हजार करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के तहत AI कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने की योजना है। सरकार का मानना है कि भारतीय AI मॉडल दुनिया में अपनी खास पहचान बनाएगा और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। IT मंत्री अश्विनी वैश्नव ने कहा कि यह प्रोजेक्ट भारत के डिजिटल विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और देश की तकनीकी क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाएगा।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

- **गुरु तेग बहादुर यूनिवर्सिटी और जैन वेलफेयर बोर्ड बनाने का वादा**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में दिल्ली के सभी वर्गों के लिए अलग-अलग योजनाओं का जिक्र किया है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया



कि कांग्रेस देश के सभी नागरिकों के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पार्टी दिल्ली में एससी, एसटी, अल्पसंख्यक और विकलांग वित्तीय विकास निगम को मजबूत करेगी और व्यवसाय शुरू करने के लिए कम दर पर लोन प्रदान करेगी।

### इमरान मसूद का बीजेपी और AAP पर हमला

इमरान मसूद ने दिल्ली सरकार (AAP) और केंद्र सरकार (BJP) पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी की ओर से अल्पसंख्यकों के लिए दी जाने वाली स्कॉलरशिप बंद कर दी गई है और मंत्रालय का बजट लगातार घटाया जा रहा है। इसके अलावा, उन्होंने आम आदमी पार्टी (AAP) पर भी आरोप लगाया कि चुनावों से पहले पार्टी बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन बाद में कहती है कि फंड नहीं हैं।

### घोषणा पत्र में क्या है आपके लिए खास?

- **वित्तीय विकास निगम को मजबूत करना**
  कांग्रेस ने घोषणा की है कि एससी, एसटी, ओबीसी और विकलांग समुदायों के लिए वित्तीय विकास निगम को मजबूती दी जाएगी। इसके माध्यम से इन वर्गों को व्यवसाय शुरू करने के लिए कम दर पर ऋण मिलेगा।
- **शिक्षकों की भर्ती**
  कांग्रेस ने उर्दू, पंजाबी और भोजपुरी शिक्षक के खाली पदों को प्राथमिकता पर भरने का वादा किया है।
- **सच्चर कमेटी की रिपोर्ट पर ध्यान**
  सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार UPA सरकार द्वारा तय किए गए 15 बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- **मदरसों के विकास में सहूलियत**
  दिल्ली में मदरसों के विकास में आने वाली बाधाओं को चरणबद्ध तरीके से दूर किया जाएगा।
- **वक्फ बोर्ड और भत्तों का निस्तारण**
  वक्फ बोर्ड का गठन कर इमाम और मुअज़्ज़िन को मिलने वाले भत्तों का समय पर निस्तारण कराया जाएगा।
- **पंजाबी अकादमी और जैन वेलफेयर बोर्ड**
  पंजाबी अकादमी को पुनर्जीवित किया जाएगा और जैन वेलफेयर बोर्ड की स्थापना की जाएगी, जैसा राजस्थान में किया गया था।
- **गुरु तेग बहादुर विश्वविद्यालय की स्थापना**
  गुरु तेग बहादुर के नाम पर एक विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा, जिसमें एक संग्रहालय और डिजिटल लाइब्रेरी होगी।

### IPS ज्ञानेंद्र सिंह ने संभाला CRPF के महानिदेशक का कार्यभार



**एजेंसी । नई दिल्ली**

आईपीएस अधिकारी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को सीआरपीएफ के महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्हें सीआरपीएफ बल के कार्यवाहक प्रमुख और विशेष महानिदेशक वितुल कुमार ने कमान सौंपी। केंद्रीय सरकार ने 19 जनवरी को ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को सीआरपीएफ का महानिदेशक नियुक्त किया था।

# 'मंदिरों में शर्ट पहनने की प्रथा पर नहीं लिया गया कोई फैसला'

- **मंत्री बोले- ये मंदिर समिति का अधिकार है**

**एजेंसी । कोट्टायम**

केरल देवस्वोम मंत्री वी एन वासवन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि देवस्वोम बोर्ड ने मंदिरों में पुरुष श्रद्धालुओं के शर्ट पहनने पर रोक लगाने की प्रथा के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि मंदिर की रीति-रिवाज और अनुष्ठान तंत्रियों और संबंधित मंदिर समितियों की तरफ से निर्धारित किए जाते हैं। मंत्री वासवन ने पत्रकारों से कहा, 'यह देवस्वोम बोर्ड की तरफ से तय किया गया मामला नहीं है।'



### सीएम विजयन ने स्वामी सच्चिदानंद के बयान का किया समर्थन

इससे पहले शिवगिरी मठ के अध्यक्ष स्वामी सच्चिदानंद ने कहा था कि मंदिरों को पुरुष श्रद्धालुओं को शर्ट पहनकर मंदिरों में प्रवेश न देने की प्रथा छोड़ देनी चाहिए। वहीं केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने स्वामी सच्चिदानंद के रुख का स्वागत किया था और कहा था कि बदलते समय के अनुसार ऐसी प्रथाओं से बचा जा सकता है। जबकि इस पर एनएसएस महासचिव जी सुकुमारन नायर ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### ONOE पर जेपीसी के कार्यकाल विस्तार की मांग



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भाजपा की सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड) ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के कार्यकाल को बढ़ाने की मांग की। वहीं एक अन्य सहयोगी लोजपा (रामविलास) ने बिहार के लिए विशेष औद्योगिक पैकेज की मांग रखी। सूत्रों ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में जेडीयू नेता संजय झा ने जेपीसी के कार्यकाल में विस्तार की मांग की। उन्हें बजट सत्र के आखिरी सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। पार्टी ने बताया कि समिति की बैठक केवल एक बार हुई, इसलिए उन्होंने विस्तार की मांग की है।

# भाइयों ने मां के प्रेमी की निर्मम हत्या की



**एजेंसी । गांधीनगर**

गुजरात में एक जघन्य अपराध में दो भाइयों ने कथित तौर पर अपनी मां के प्रेमी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। इसके बाद दोनों ने उसकी आंतें काट दीं और उन्हें हवा में उछाल दिया। दोनों भाई रतनजी ठाकोर (53) से नाराज थे। उन्हें शक था कि उसका उनकी मां के साथ संबंध है। घटना 26 जनवरी को गुजरात के गांधीनगर जिले में हुई थी।

### आरोपियों के खिलाफ हत्या और हत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

पुलिस के अनुसार, आरोपी संजय ठाकोर (27) और जयेश ठाकोर (23) ने दिनदहाड़े रतनजी पर लोहे की रॉड से हमला किया। इसके बाद उन्होंने उसके पेट में कई बार चाकू घोंपा। इस दौरान पीड़ित की आंतें बाहर आ गईं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि दोनों व्यक्ति नहीं रुके। आरोपियों ने उसकी आंतें निकाल लीं, उन्हें हवा में उछाला और फिर काट दिया। घटना के बाद आरोपी बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने वारदात के कुछ घंटों बाद ही मोबाइल लोकेशन के जरिए उन्हें ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार भी जब्त कर लिए गए हैं।

## मद्रास हाईकोर्ट ने पुलिस प्रशासन को लगाई फटकार

- **राज्य के गृह सचिव को पेश होने का दिया आदेश**

**एजेंसी । चेन्नई**



मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के गृह सचिव को 31 जनवरी 2025 को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। यह आदेश पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने और जांच के बाद अंतिम रिपोर्ट दाखिल न करने के मामले को लेकर दिया गया है। बता दें कि न्यायधीश पी वेलमुरुगन ने बुधवार को पी सुंदर द्वारा दायर याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करते हुए यह निर्देश दिया, जिसमें 2015 में दर्ज एक मामले में पुलिस द्वारा अंतिम रिपोर्ट दाखिल न किए जाने की शिकायत की गई थी। मामले में सुनवाई के दौरान न्यायधीश ने कहा कि न्यायाधीश ने कहा कि जब बुधवार को मामले की सुनवाई हुई तो सरकारी वकील ने कहा कि यह मामला वर्ष 2015 में ही बंद हो चुका है।

# अमेरिकी विमान हादसे में सभी 64 के मरने की आशंका

**एजेंसी । वॉशिंगटन डीसी**



अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में हुए दर्दनाक हवाई हादसे ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया है। यह हादसा अमेरिकन एयरलाइंस के एक रीजनल पैसेंजर जेट और अमेरिकी सेना के ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर के टकराने की वजह से हुआ। हादसे के बाद दोनों विमान पोटोमैक नदी में गिर गए। अब तक 28 लोगों के शव हादसे के बाद बरामद किए गए है, जबकि विमान में 64 लोग सवार थे। अब डर सताने लगा है कि कहीं प्लेन में सवार सभी 64 लोगों को मौत न हो गई हो। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हादसा बुधवार रात रीगन वॉशिंगटन नेशनल एयरपोर्ट के पास हुआ।

### 2 शवों को किया गया बरामद

अमेरिकन एयरलाइंस ने पुष्टि की है कि प्लेन में 60 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे। वहीं, ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर में तीन सैनिक मौजूद थे जो ट्रेनी मिशन पर थे। हादसे के बाद से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, अब तक 28 शव बरामद किए जा चुके हैं और प्लेन का एक ब्लैक बॉक्स भी खोज लिया गया है। बताया जा रहा है कि यह टक्कर तब हुई जब यात्री विमान कंसास के विचिटा से उड़ान भरकर रीगन एयरपोर्ट पर लैंडिंग के लिए तैयार हो रहा था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) और हेलिकॉप्टर क्रू के बीच हुई बातचीत से यह संकेत मिलता है कि हेलिकॉप्टर पायलट को प्लेन की मौजूदगी की जानकारी थी।

## हमास ने 8 और बंधकों को छोड़ा

- **इससे पहले हमास ने चार महिला सैनिकों को छोड़ा था**

**एजेंसी । गाजा**

गाजा में सीजफायर लागू होने के बाद से हमास लगातार अपने वादों को पूरा कर रहा है। गुरुवार (30 जनवरी) को हमास ने 8 और इजरायली बंधकों को रिहा किया। इसके बदले में इजरायल 110 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। हालांकि, बंधकों की रिहाई के दौरान अराजक स्थिति बन गई, जब फिलिस्तीनी भीड़ ने रेड क्रॉस को सौंपे जा रहे बंधकों के प्रति आक्रोश जाहिर किया। इससे पहले हमास ने 4 महिला सैनिकों को छोड़ा था।



### इजरायल करेगा 110 कैदियों को रिहा

हमास द्वारा 8 बंधकों को रिहा करने के बदले में इजरायल 110 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इजराइली अधिकारियों के मुताबिक, हमास जल्द ही तीन और इजरायली नागरिकों (दो महिलाएं और 80 वर्षीय बुजुर्ग) और पांच थाई नागरिकों को भी रिहा करेगा। हमास के हमले में कई विदेशी मजदूर भी बंधक बनाए गए थे।

# मौनी अमावस्या पर रेलवे ने चलाई 364 गाड़ियां

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष रेल व्यवस्था

**एजेंसी । प्रयागराज**

मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम में स्नान कर घर लौटने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से 364 गाड़ियों का परिचालन किया। यह संख्या महाकुंभ के दौरान किसी एक दिन में चलाई गई ट्रेनों का नया कीर्तिमान है। इनमें 142 नियमित गाड़ियां और 222 महाकुंभ मेला विशेष गाड़ियां शामिल थीं। इसके अलावा, रेलवे ने 77 इनवर्ड गाड़ियों का भी संचालन किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि प्रयागराज से इतनी बड़ी संख्या में ट्रेनों के संचालन को रेलवे की वरिष्ठ अधिकारियों की टीम वार रूम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग कर रही थी। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और तीनों जोन के महाप्रबंधक श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार और मेला प्रशासन के निरंतर संपर्क में रहे।



### निर्देशों का पालन करें : रेल मंत्री

रेल मंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। रेलवे ने यात्रियों के लिए विशेष होल्डिंग एरिया बनाए हैं, जहां बैठकर वे अपने क्षेत्र की गाड़ी की प्रतीक्षा कर सकते हैं। प्रशासन के निर्देशानुसार ही स्टेशन की ओर प्रस्थान करने की सलाह दी गई है।

### रेलवे बोर्ड का विस्तृत संचालन विवरण

रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक, सूचना एवं प्रसार दिलीप कुमार ने बताया कि इस दिन इनवर्ड एवं आउटवर्ड मिलाकर उत्तर मध्य रेल द्वारा 280 गाड़ियों का परिचालन किया गया जबकि पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा 73 गाड़ियों का एवं उत्तर रेलवे द्वारा 88 गाड़ियों का परिचालन किया। उत्तर मध्य रेल द्वारा सबसे अधिक 157 महाकुंभ मेला विशेष गाड़ी का परिचालन किया गया। उत्तर रेलवे ने 28 और पूर्वोत्तर रेलवे ने 37 गाड़ियों का परिचालन किया। मेला की पूर्ण अवधि में रेलवे द्वारा लगभग 13,450 गाड़ियों के परिचालन की योजना बनाई गई है जिसमें 10,028 नियमित गाड़ियां और 3400 से अधिक विशेष गाड़ियों का परिचालन शामिल है। अब तक 1900 से अधिक विशेष गाड़ियों का परिचालन किया जा चुका है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि सारी गाड़ियों का परिचालन योजनानुसार किया जा रहा है।

# शहरों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों पर सबसे अधिक व्यय

**एजेंसी । प्रयागराज**

ग्रामीण क्षेत्रों में अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के दौरान मासिक प्रति व्यक्ति व्यय (एमपीसीई) में अधिकतम वृद्धि ओडिशा में हुई, जबकि शहरी क्षेत्रों में पंजाब शीर्ष पर रहा। वहीं, सबसे कम वृद्धि महाराष्ट्र और कर्नाटक में हुई है। अहम बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य वस्तुओं पर व्यय शहरी क्षेत्रों के मुकाबले सात फीसदी अधिक रहा। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह कहा गया है।



### क्या कहती है सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट?

सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 में सभी 18 प्रमुख राज्यों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में औसत मासिक प्रति व्यक्ति व्यय में बढ़ोतरी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में औसत एमपीसीई में अधिकतम वृद्धि ओडिशा में हुई है। यहां 2022-23 की तुलना में औसत व्यय लगभग 14 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में पंजाब में लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सबसे कम वृद्धि क्रमशः महाराष्ट्र (लगभग तीन प्रतिशत) और कर्नाटक (लगभग पांच प्रतिशत) में रही। रिपोर्ट के अनुसार, 2022-23 के साथ-साथ 2023-24 में 18 प्रमुख राज्यों में औसत व्यय में शहरी-ग्रामीण स्तर पर व्यापक अंतर देखा गया है। इन प्रमुख राज्यों में से 11 राज्यों में 2022-23 के स्तर से 2023-24 में शहरों और गांवों के बीच अंतर कम हुआ है।